उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी.....

www.bpsnews.in

वर्ष: 11 || अंक:16 || पृष्ठ: 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 18 मई-2026



अंदर के पृष्ठ पर

98 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह संपन्न श्रमिक परिवारों को मिला सामाजिक व आर्थिक संबल 8

111 लोगों की मौत से हड़कंप, सीएम योगी ने शुरू कराया राहत अभियान 5

## 48 घंटे में दूसरी बार महंगी हुई सीएनजी, पहली बार 80 रुपये के पार पहुंची

» बीपीएस न्यूज

दिल्ली-एनसीआर के लोगों को एक बार फिर महंगाई का बड़ा झटका लगा है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने लगातार दूसरी बार सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। रविवार को कंपनी ने सीएनजी के दाम में 1 रुपये प्रति किलो का इजाफा किया, जिसके बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमत इतिहास में पहली बार 80 रुपये प्रति किलो के आंकड़े को पार कर गई है।नई दरों के लागू होने के बाद अब दिल्ली में सीएनजी की कीमत 80.09 रुपये प्रति किलो हो गई है। वहीं, नोएडा और गाजियाबाद में अब ग्राहकों को सीएनजी 88.70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिलेगी।

इससे पहले 15 मई को भी कंपनी ने सीएनजी के दाम 2 रुपये प्रति किलो बढ़ाए थे, जिससे दिल्ली में इसका रेट 79.09 रुपये हो गया था। अब महज 48 घंटे के भीतर दूसरी बार हुई इस बढ़ोतरी ने गाड़ी चलाने वालों की चिंता बहुत बढ़ा दी है।सीएनजी की कीमतों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय पर हुई है जब हाल ही में पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। केंद्र सरकार ने बीती 15 मई को ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 3-3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया था। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल के दाम 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं।सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों का सबसे बुरा असर ऑटो, टैक्सी और ऐप आधारित कैब चलाने वाले ड्राइवरों पर पड़ेगा।

### तमिलनाडु की सत्ता संभालने के बाद

## सीएम विजय का पहला दिल्ली दौरा पीएम मोदी व शाह से हाई-लेवल मीटिंग

» बीपीएस न्यूज

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय आगामी 22 मई को नई दिल्ली की यात्रा पर जा रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद, देश के बड़े नेताओं के साथ उनकी यह पहली बड़ी और महत्वपूर्ण मुलाकात होगी। अपनी इस यात्रा के दौरान वे कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल होंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में तमिलनाडु के विकास से जुड़े कई जरूरी मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इनमें मुख्य रूप से राज्य के लिए मिलने वाला बजट, सड़कों और इमारतों से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट्स और नई सरकार के तहत राज्य के कामकाज के तरीके शामिल हैं।

प्रधानमंत्री के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुख्यमंत्री की मुलाकात तय करने के लिए बातचीत चल रही है। सरकारी नियमों के तहत, विजय देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से भी शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इन मुलाकातों से आने वाले समय में तमिलनाडु सरकार और केंद्र सरकार के बीच के रिश्तों की दिशा तय होगी।




चुनाव जीतकर राज्य के सबसे ऊंचे पद पर पहुंचने के बाद, विजय की यह यात्रा वैसे तो औपचारिक मानी जा रही है, लेकिन इसका राजनीतिक महत्व बहुत ज्यादा है। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री केवल सरकारी बैठकों तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वे बड़े उद्योगपतियों, विदेशी राजनयिकों, कानूनी विशेषज्ञों और अलग-अलग क्षेत्रों के जानकारों से भी मिल सकते हैं।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत और राज्य की राजनीति में आए बड़े बदलाव को देखते हुए, दिल्ली के कई बड़े राजनीतिक नेता भी विजय से मिलने की इच्छा जता रहे हैं। इस यात्रा को दिल्ली के राजनेताओं और संस्थाओं के साथ एक मजबूत नेटवर्क बनाने के बड़े मौके के रूप में देखा जा रहा है।

यह दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि विजय की सरकार अभी शुरुआत कर रही है और आने वाले हफ्तों में कई बड़े प्रशासनिक फैसले लेने वाली है। अधिकारियों का मानना है कि दिल्ली में होने वाली इन चर्चाओं से तमिलनाडु के विकास और बजट से जुड़े उन प्रस्तावों को मजबूती मिलेगी, जिन्हें राज्य सरकार अपने शुरुआती महीनों में लागू करना चाहती है।

## नीट पेपर लीक: पीएम मोदी की चुप्पी पर भड़के राहुल गांधी शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को हृश्वश्वञ्ज-त्न परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद रद्द किए जाने पर सरकार की कड़ी आलोचना की और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस मुद्दे पर चुप्पी साधने का भी आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि परीक्षा लीक में शामिल लोगों को तुरंत जेल भेजा जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद ने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट (पहले ट्विटर) पर एक वीडियो संदेश में कहा कि पूरा देश जानता है कि NEET का पेपर परीक्षा से ठीक दो दिन पहले WhatsApp पर लीक हो गया था... सच्चाई यह है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत की नींव को ही चोट पहुंचाई है।लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने आगे आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच भारत की शिक्षा प्रणाली और विश्वविद्यालयों के माध्यम से धन कमाने का गठजोड़ है। गांधी ने कहा कि विश्वविद्यालयों में आरएसएस, भाजपा और उनसे संबद्ध लोगों का धन कमाने का एक गठजोड़ है। उन्होंने भारत की पूरी शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। यही कारण है कि देश में कम से कम 80 बार शोधपत्र लीक हुए हैं। प्रधानमंत्री को धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए और इसमें शामिल लोगों को जेल भेजना चाहिए।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पुणे की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को एक और पेपर लीक की मुख्य साजिशकर्ता÷ के रूप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार, आरोपी जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र लीक का मास्टरमाइंड थी। नंबर टाम्पा ए (एनटीए) ने मनीषा मंधारे को नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया पर विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया था। परिणामस्वरूप, वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान के प्रश्न पत्रों तक उनकी पूरी पहुंच थी। जांच में पता चला कि अप्रैल 2026 के दौरान, उन्होंने पुणे की मनीषा वाघमारे (जिन्हें 14 मई को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है) के माध्यम से कई नीट उम्मीदवारों को जोड़ा।

## दवा विक्रेताओं की 20 मई को हड़ताल, बंद रहेंगी दुकानें... ड्रगिस्ट एसोसिएशन की घोषणा

» बीपीएस न्यूज

अयोध्या। फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने 20 मई बुधवार को पूरे क्षेत्र में सभी थोक और खुदरा दवा दुकानों को पूरी तरह बंद रखने का फैसला लिया है। यह बंद ऑनलाइन दवाओं और नकली दवाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के रूप में होगा।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शरद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि देश की जनता के स्वास्थ्य को खतरे में डालने वाली ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

बिना डॉक्टर के पर्चे के ऑनलाइन दवाएं बेचना गंभीर खतरा है। बैठक में अखिलेश आनंद (अध्यक्ष), आनंद अग्रहरि सहित कई पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

एसोसिएशन का कहना है कि नकली दवाओं से आम जनता के स्वास्थ्य के साथ छेड़छाड़ हो रही है और छोटे दवा विक्रेताओं का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। 20 मई को सुबह से शाम तक सभी दुकानें बंद रहेंगी। एसोसिएशन ने सरकार से ऑनलाइन दवाओं पर सख्त कानून बनाने और नकली दवाओं पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## कोर्ट के बाहर कत्ल: कार से मारी टक्कर, फिर गोलियों से भूना

### बाबा के भेष में लाठी ले घूमता था हिस्ट्रीशीटर नीरज

» बीपीएस न्यूज

सोनीपत । सोनीपत रोड स्थित कोर्ट परिसर के बाहर दिनदहाड़े गैंगस्टर नीरज उर्फ कातिया की अज्ञात हमलावरों ने चार-पांच गोलियां मारकर हत्या कर दी।

कोर्ट से पैदल बस स्टैंड की ओर जा रहे नीरज को हमलावरों ने पहले सफेद रंग की ब्रेजा कार से टक्कर मारी। नीरज के सड़क पर गिरते ही गोलियां मारकर भाग गए।

मूलरूप से झज्जर के दूबलधन गांव का रहने वाला नीरज वर्तमान में गुरुग्राम के सेक्टर-37 सी में रहता था। उसकी शादी गांव किडौली की रहने वाली नीतू से हुई थी। नीतू ने उसके खिलाफ फरवरी, 2019 में थाना खरखौदा में दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी और अमानत में खयानत की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले में शनिवार को नीरज अपने साथियों के साथ अदालत में पेशी पर खरखौदा कोर्ट आया हुआ था।पुलिस के अनुसार, पेशी के बाद नीरज अदालत परिसर से बाहर निकलकर बस स्टैंड की ओर जा रहा था। पहले से घात लगाए हमलावर कार से वहां पहुंचे और नीरज को सीधी टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद तीन से चार हमलावरों ने उसे चार से पांच गोलियां मारीं जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी भाग गए। मौके से मिले खोल से पता लगा है कि नीरज को पिस्तौल से गोलियां मारी गई हैं।

वारदात की सूचना मिलने के बाद एसीपी जोगिंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि टीमें हमलावरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है। खरखौदा थाना पुलिस ने नीरज के भाई सत्यवान के




बयान पर हत्या, षड्यंत्र व शस्त्र अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज की है। गांव दूबलधन निवासी अमन उर्फ काले, साहिल व आर्यन, अमन के भांजे गांव मुरथल निवासी अमित, गांव माजरा निवासी विकास व नीरज की पत्नी नीतू व उसके भाई विक्की पर हत्या कराने का आरोप है। अमन उर्फ काले व अन्य से नीरज की रंजिश बताई जा रही है। उसकी पत्नी नीतू व साले पर षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, नीरज पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे। उस पर हत्या, हत्या की कोशिश, लूट व अपहरण समेत करीब 15 मामले दर्ज हैं। पत्नी की शिकायत में भी उसे कुख्यात अपराधी और गैंगस्टर बताया गया था। 2020 में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। उसके बाद से मामला अदालत में विचाराधीन था।

उसकी गांव में रंजिश बताई गई है।दहेज उत्पीड़न मामले में पेशी पर आए हिस्ट्रीशीटर नीरज उर्फ कातिया की खरखौदा न्यायालय परिसर के बाहर हुई हत्या ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। हत्या से पहले नीरज ने अपना हुलिया पूरी तरह बदल लिया था। कभी जींस-शर्ट में नजर आने वाला नीरज कुछ समय से बाबा के भेष में रहने लगा था। झज्जर के दूबलधन के नीरज उर्फ कातिया ने अब सफेद बाना धारण कर लिया था। बाल बढ़ा लिए थे। चप्पल-जूते तक पहनना छोड़ दिया था। हाथ में लाठी लेकर वह साधु-संतों जैसी वेशभूषा में दिखाई देता था।

## टाट और दरी पर गुजरी पूर्व विधायक विजय मिश्रा की पत्नी और बहू की पहली रात

» बीपीएस न्यूज

भदोही । रिश्तेदार की संपत्ति हड़पने में दोषी पूर्व विधायक विजय मिश्रा की पत्नी पूर्व जिपं अध्यक्ष रामलली मिश्रा और बहू रूपा मिश्रा को शुक्रवार शाम जिला कारागार भेज दिया गया। दोनों महिला बैरक में 22 अन्य कैदियों के साथ रहीं। सास-बहू की पहली रात टाट और दरी पर बीती। जेल मैनुअल के हिसाब से दोनों को दाल, सब्जी और रोटी दी गई।

एमपी-एमएलए कोर्ट ने बाहुबली विजय मिश्रा के परिवार को शुक्रवार को सजा सुनाई थी। छह साल पुराने केस में विजय मिश्रा, पूर्व एमएलसी पत्नी रामलली, बेटे विष्णु को 10-10 साल और बहू रूपा मिश्रा को चार साल की सजा हुई है।



विजय मिश्रा पहले से ही आगरा जेल में बंद है और बेटा विष्णु लखीमपुर खीरी जेल में है।

रामलली और रूपा पहली बार जेल गईं। जेल अफसरों के मुताबिक दोनों को सामान्य कैदियों की तरह ही जेल मैनुअल के अनुसार खाना दिया गया। दोनों को देर रात तक नींद नहीं आई। जमीन पर टाट और दरी बिछाकर लेटने की व्यवस्था है। दोनों को आम कैदियों की तरह की रखा गया।

जेल अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया जेल में महिलाओं के लिए केवल एक बैरक है, जिसमें सास-बहू को रखा गया है। दोनों ने शाम को जेल के नियमानुसार भोजन किया। अन्य महिला कैदियों से बातचीत की और देर रात 12 बजे के बाद दोनों सोई थीं। जेल के कैदियों को शाम 6~30 बजे भोजन दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों को अभी ज्ञानपुर जिला जेल में रखा जाएगा।

## टला बड़ा हादसा: कोच के नीचे से उठा धुआं, भड़की आग

### » रेलवे स्टाफ की सूझबूझ से बचीं 68 यात्रियों की जान

» बीपीएस न्यूज



भोपाल/रतलाम। मध्य प्रदेश के रतलाम के पास रविवार सुबह राजधानी एक्सप्रेस में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते बड़ा हादसा टल गया। करीब 15 मिनट के अंदर बी-1 कोच में मौजूद सभी 68 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यह घटना पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के अंतर्गत लूनी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच सुबह करीब 5~30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस की बी-1 थर्ड एसी बोगी में लगी थी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरुआत में कोच के नीचे के हिस्से से घना धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बी-1 कोच के साथ उससे सटे एसएलआर लगेज ब्रेक वैन को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें दूर तक दिखाई दे रही थीं। स्थिति गंभीर होते देख ट्रेन के गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी। इसके बाद तेज रफ्तार ट्रेन को तत्काल रोका गया और यात्रियों को दूसरे कोचों में शिफ्ट किया गया।घटना के तुरंत बाद आरपीएफ जवान और रेलवे कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। टीम ने बिना घबराहट के यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। अधिकारियों के मुताबिक, समय रहते की गई कार्रवाई से किसी भी यात्री को चोट नहीं पहुंची। दमकल विभाग की टीमों और वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सुरक्षा के लिहाज से ओवरहेड इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर दी गई और क्षतिग्रस्त कोचों को ट्रेन से अलग कर दिया गया।इस हादसे के कारण नई दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर रेल संचालन प्रभावित हुआ। कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया, जिनमें मुंबई-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी शामिल रही। बाद में ट्रैक को साफ कर परिचालन बहाल किया गया।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि रेलवे अधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि आग लगने की वास्तविक वजह सामने आ सके। रेलवे प्रशासन ने बताया कि प्रभावित यात्रियों की यात्रा पूरी कराने के लिए कोटा स्टेशन पर अतिरिक्त कोच जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है।

## नाइजीरिया में स्कूलों पर बड़ा हमला : हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 से अधिक स्कूली बच्चों का किया अपहरण

» बीपीएस न्यूज

अबूजा। नाइजीरिया के ओयो इलाके में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 से अधिक स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया है। इस बेहद स्तब्ध करने वाली घटना को तीन अलग-अलग स्कूलों पर दिनदहाड़े एक समन्वित हमले के जरिए अंजाम दिया गया। स्थानीय अखबार %पंच%की रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने ओरीरे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में सुबह की कक्षाओं के दौरान निशाना बनाया। उन्होंने यावोटा स्थित तीन प्राइमरी स्कूलों पर धावा बोला।मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और बच्चों को बंधक बनाकर पास के जंगली इलाकों में फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा बलों ने ओल्ड ओयो नेशनल पार्क एक्सिस के आसपास के संभावित रास्तों को सील कर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। यह वारदात शुक्रवार सुबह की है। एक शिक्षिका ने स्थानीय मीडिया को बताया कि हमलावर सैन्य वर्दी और नकाब पहने हुए युवा थे।शिक्षिका एलिजाबेथ ओलागोके ने बताया, ÷आतंकवादी सुबह करीब 8 बजे आए, जब सुबह का सत्र शुरू हो चुका था। वे छह मोटरसाइकिलों पर आए थे और हर बाइक पर दो लोग सवार थे। वे अंधाधुंध फायरिंग करने से पहले योरूबा, हौसा और पिजिन अंग्रेजी में चिल्ला रहे थे, जिससे हर तरफ अफरातफरी मच गई।÷ इस सिलसिले में अब तक तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस घटना के बाद से पूरे राज्य में रोते-बिलखते माता-पिता और स्थानीय निवासी सरकार से तुरंत कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।नाइजीरियाई सरकार के लिए इन सशस्त्र आपराधिक गुटों से निपटना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इन गिरोहों ने ज़मफ़ारा, कत्सिना, कडुना, सोकोतो, केब्बी और नाइजर जैसे राज्यों के घने जंगलों में अपने ठिकाने बना रखे हैं। ये समूह यहीं से आसपास के रिहायशी इलाकों पर छापे मारते हैं, मवेशी और संपत्ति लूटते हैं और स्थानीय नागरिकों की हत्या व फिरौती के लिए अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं।रविवार तक प्रशासन ने अपहृत बच्चों की सटीक संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जब नाइजीरिया और अमेरिका ने एक संयुक्त सैन्य अभियान में खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के एक शीर्ष नेता को मार गिराने का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मारे गए आतंकी अबू-बिलाल अल-मिनुक्की को वैश्विक स्तर पर आईएसआईएस का सेकंड-इन-कमांड और दुनिया का सबसे सक्रिय आतंकवादी करार दिया था।नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबू ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों देशों ने एक साहसिक संयुक्त अभियान चलाकर आईएस को करारा झटका दिया है। वाशिंगटन द्वारा 2023 में वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया अल-मिनुक्की, लेक चाड बेसिन (नाइजीरिया, चाड, नाइजर और कैमरून की सीमा पर स्थित दलदली क्षेत्र) में अपने ठिकाने पर हुए हमले में अपने कई साथियों के साथ मारा गया।

## अपनी बात....

### संपादकीय .............

# सुलगता तेल, झुलसती जिंदगियां

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला कि एक माह के भीतर ही थोक महंगाई दर दुगनी हो गई है। जो कि पिछले 42 महीनों के उच्चतम स्तर पर जा पहुंची है। अब शुक्रवार को पेट्रोल व डीजल तथा सीएनजी के दामों में वृद्धि ने आम आदमी को व्यथित कर दिया। जाहिर है पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि से न केवल यातायात महंगा हो जाता है बल्कि मालभाड़ा बढ़ने से हर चीज के दामों में उछाल आ जाता है। वहीं रोजमर्रा का सामान बनाने वाली कंपनियां दुहाई दे रही हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से उनकी उत्पादन लागत में दस से बीस फीसदी की वृद्धि हुई है। फलतः इन कंपनियों ने छूट व प्रचार खर्च में कटौती करके भंडारण क्षमता व आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य बनाया है। अतः देश की एफएमसीजी रोजमर्रा के सामान की लागत बढ़ने व मुनाफे पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिये चरणबद्ध तरीके से वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। यह भी हकीकत है कि पिछली तिमाही में ये एफएमसीजी पहले ही तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि वस्तुओं की कीमतों में कर चुकी हैं। फलतः आम उपभोक्ता को अभी और महंगाई को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि रुपये के गिरते मूल्य ने भी कीमतें बढ़ाने का दबाव बनाया है। कंपनियां अपना मुनाफा बनाये रखने के लिये कीमतें बढ़ाने और पैकेटबंद उत्पादों की मात्रा घटाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। आशंका जतायी जा रही है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि के बाद टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज प्लान बढ़ा सकती हैं। उनका दावा है कि मोबाइल टॉवर को चलाने में आने वाला 40 फीसदी खर्च सिर्फ पेट्रोल और बिजली पर होता है। यह खर्चा टैरिफ बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला जा सकता है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां कह रही हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद उन्होंने मामूली वृद्धि पेट्रोल व डीजल के दामों में की है।निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के चलते उपजे हालात ने बताया है कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की खपत को कम करने के आह्वान के कुछ दिन बाद ही पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी चार साल से अधिक समय में पहली बार की गई है। निस्संदेह, खाड़ी संकट से उपजे हालात में कीमतों में यह वृद्धि अनिवार्य लग रही थी। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के चलते ही सरकार ने यह कदम देर से उठाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद जब हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन खपत में कटौती करने का आगाह किया था, तो संकेत माना गया कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि हो सकती है। सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान की ओर इशारा करते हुए मूल्य वृद्धि का बचाव किया है। रिपोर्ट बताती है कि देश के सार्वजनिक क्षेत्र के रिटेलर्स रोजाना एक हजार करोड़ का नुकसान उठा रहे हैं,जबकि कच्चे तेल की कीमत सौ डॉलर प्रति बैरल थी। निस्संदेह, पहले ही मुद्रास्फीति व स्थिर आय से जूझ रहे नागरिकों को सरकार की यह दलील गले नहीं उतरेगी। वैसे भी चुनावी रणनीति के मद्देनजर संचालित आर्थिक निर्णय सार्वजनिक विश्वास में कमी लाते हैं। जाहिर बात है कि करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवार, किसान व छोटे व्यवसाय चलाने वाले लोगों के लिए बढ़ी ईंधन दरें जल्दी ही भोजन, परिवहन और आवश्यक वस्तुओं को महंगा बना देती हैं। फिक्र की बात यह है कि भारत की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता अर्थव्यवस्था को भू राजनीतिक झटकों के प्रति संवेदनशील बना देती है। रूस से मिलने वाला सस्ता कच्चा तेल हमें अस्थायी राहत ही प्रदान करता है। लेकिन यह मार्ग भी प्रतिबंधों, शिपिंग रुकावटों और कूटनीतिक दबावों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। यह संकट भारत को दीर्घकालीन ऊर्जा रणनीति बनाने के लिये बाध्य करता है। हमारी प्राथमिकता सार्वजनिक परिवहन विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग व नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने की होनी चाहिए।देश की एफएमसीजी रोजमर्रा के सामान की लागत बढ़ने व मुनाफे पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिये चरणबद्ध तरीके से वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। यह भी हकीकत है कि पिछली तिमाही में ये एफएमसीजी पहले ही तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि वस्तुओं की कीमतों में कर चुकी हैं। फलतः आम उपभोक्ता को अभी और महंगाई को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि रुपये के गिरते मूल्य ने भी कीमतें बढ़ाने का दबाव बनाया है। कंपनियां अपना मुनाफा बनाये रखने के लिये कीमतें बढ़ाने और पैकेटबंद उत्पादों की मात्रा घटाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। आशंका जतायी जा रही है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि के बाद टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज प्लान बढ़ा सकती हैं। उनका दावा है कि मोबाइल टॉवर को चलाने में आने वाला 40 फीसदी खर्च सिर्फ पेट्रोल और बिजली पर होता है। यह खर्चा टैरिफ बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला जा सकता है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां कह रही हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद उन्होंने मामूली वृद्धि पेट्रोल व डीजल के दामों में की है।

# ट्रंप की चीन यात्रा व ईरान संकट का प्रश्न

निरंजन भंडारी

**ट्रंप की चीन यात्रा के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या अब चीनी हस्तक्षेप से ईरान युद्ध समाप्त होगा? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रंप-शी जिनपिंग मुलाक़ात से ठीक पहले चीन का दौरा इसीलिए तो नहीं ट्रंप की चीन यात्रा के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या अब चीनी हस्तक्षेप से ईरान युद्ध समाप्त होगा? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रंप-शी जिनपिंग मुलाक़ात से ठीक पहले चीन का दौरा इसीलिए तो नहीं किया है!**

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल, 2026 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर एक रूढ़िवादी रेडियो होस्ट, माइकल सैवेज की पोस्ट को 'रीशेयर' करते हुए भारत और चीन को 'हेलहोल्स', यानी 'नरक जैसी जगह' बताया था। ट्रंप पहले वाले 'नरक' में पधार चुके हैं। शुक्रवार तक वे 'नरकवासी' रहेंगे। दोनों शासन प्रमुखों की मुलाक़ात की पहली जगह है, 'टेम्पल ऑफ़ हैवन'। लगता है, शी ने जानबूझ कर यह वेन्यू चुना है, ताकि वो अमेरिकी राष्ट्रपति को यह महसूस करा सकें, कि आप जिसे 'नरक' बोल रहे थे, वहां स्वर्ग के वास्ते मंदिर भी है। इस बार 'फ़र्स्ट लेडी' ट्रंप के साथ चीन नहीं जा रही हैं।**



सबका ध्यान यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थल, 'टेंपल ऑफ़ हेवन' (स्वर्ग का मंदिर) पर केंद्रित होगा; यह सदियों पुराना एक शाही परिसर है, जो अनुष्ठानों, ब्रह्मांडीय व्यवस्था और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा हुआ है। रविवार को अमेरिका की मुख्य उप प्रेस सचिव अन्ना केली के अनुसार, ट्रंप के बुधवार शाम को पेइचिंग पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद अगली सुबह वे एक स्वागत समारोह और शी के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोनों नेता 'टेंपल ऑफ़ हेवन' का दौरा करेंगे, और एक राजकीय भोज में शामिल होंगे।

'टेंपल ऑफ़ हेवन' (थिएनथान पार्क) 15वीं सदी का एक धार्मिक परिसर है। यह धरती और स्वर्ग के बीच के रिश्ते का प्रतीक है–एक ऐसा विचार जो पारंपरिक चीनी ब्रह्मांड विज्ञान के केंद्र में है। वर्ष 2017 में इस जगह को देखते हुए जानकारी मिली थी, कि मिंग और किंग राजवंशों के सम्राट इसका इस्तेमाल एक पवित्र स्थल के तौर पर करते थे। यहां वे स्वर्ग के लिए बलि चढ़ाते थे, और अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते थे। साथ ही, यह सम्राट की उस भूमिका को भी मज़बूत करता था, जिसमें उन्हें स्वर्गीय व्यवस्था और धरती के शासन के बीच एक मध्यस्थ माना जाता था।

मध्य पेइचिंग के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित यह परिसर 273 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यह 'फ़ॉरबिडन सिटी' से लगभग चार गुना बड़ा इलाका है। लेकिन, थ्येनआनमन चौक स्थित 'फ़ॉरबिडन सिटी' (निषिद्ध नगर) का कैनवास ज़्यादा बड़ा है। यह मिंग और किंग राजवंश के 24 सम्राटों का निवास स्थान था, और 1420 से 1924 तक 500 वर्षों से अधिक समय तक चीन की राजनीतिक सत्ता का केंद्र रहा है।

वर्ष 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान पेइचिंग यात्रा में ट्रंप का पहला पड़ाव 'फ़ॉरबिडन सिटी' ही था। इस यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्टपति का हमेशा से कहीं ज़्यादा भव्य स्वागत किया गया, जिसे पेइचिंग ने 'स्टेट विज़िट-प्लस' (राजकीय यात्रा से भी बढ़कर) का नाम दिया था। उस समय, शी और प्रथम महिला पेंग लियुआन ने पूर्व शाही महल में स्थित 'बाओ युन लोऊ' ( खज़ानों का हॉल) में ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया से चाय पर मुलाक़ात की थी। यह पहला अवसर था, जब 1949 में 'पीपल्स रिपब्लिक ऑफ़ चाइना' की स्थापना के बाद, चीन ने किसी राष्ट्राध्यक्ष की मेज़बानी 'फॉरबिडन सिटी' (निषिद्ध नगर) के भीतर की थी।'बाओ युन लोऊ' को 1915 में पेइचिंग के बाहर शाही आवासों से लाए गए खज़ानों को रखने के लिए बनाया गया था। इसके निर्माण के लिए धन अमेरिकी सरकार द्वारा तत्कालीन राष्टपति थियोडोर रूज़वेल्ट के कार्यकाल में भेजा गया था। 2017 वाली यात्रा में शी से चाय पर बातचीत के दौरान, ट्रंप ने अपनी पोती अरेबेला का एक वीडियो दिखाया। इस वीडियो में अरेबेला ने 'चीपाओ' (पारंपरिक चीनी पोशाक) पहनी हुई थी, और वह चीनी गीत गा रही थी, साथ ही मैंडरिन भाषा में प्राचीन चीनी कविताएं सुना रही थी।

पेइचिंग आने वाले विदेशी नेताओं के यात्रा कार्यक्रमों में 'फॉरबिडन सिटी' को अक्सर शामिल किया जाता रहा है, लेकिन ऐसी यात्राओं का आयोजन आमतौर पर संग्रहालय के सामान्य कामकाज के दौरान ही किया जाता है। इस स्थल को पूरी तरह से बंद नहीं किया जाता था। लेकिन, इस बार उल्टा हुआ है। मंगलवार को, टेंपल ऑफ़ हेवन पार्क प्रशासन ने घोषणा की, कि 13 और 14 मई को यह जगह आम लोगों के लिए बंद रहेगी, और जिन लोगों ने पहले ही टिकट खरीद लिए हैं, वे रिफ़ंड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

टेंपल ऑफ़ हेवन, भले ही फ़ॉरबिडन सिटी जितना खास न हो, लेकिन कहा जाता है कि यह हेनरी किसिंजर का पसंदीदा ठिकाना था। हेनरी किसिंजर अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री थे, जिन्होंने वॉशिंगटन और पेइचिंग के बीच सुलह कराने में अहम भूमिका निभाई थी, और इस जगह पर एक दर्जन से ज़्यादा बार आए थे। 1971 में तत्कालीन राष्टपति राष्टपति रिचर्ड निक्सन की यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने का रास्ता साफ़ हुआ था। इस बार, शी और ट्रंप के बीच खाई पाटने में बैक चैनल ही काम कर रहा था, जिसमें ट्रम्प के दामाद और वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर, और अमेरिका में चीन के राजदूत शी फेंग की अहम भूमिका बताई जा रही है। ईरान यदि लड़ाई इतनी लम्बी खींच ले गया, तो उसके पीछे शी और पुतिन ही रहे हैं। चीन का करीबी सहयोगी ईरान, युद्ध खत्म करने की वॉशिंगटन की मांगों के बावजूद अड़ा हुआ है।

ट्रम्प ने एक तथाकथित नरक की यात्रा कर ली। अब दूसरे की बारी है। उन्होंने 2026 में भारत आने पर अपनी रज़ामंदी दे रखी है, उसकी तारीख़ की घोषणा बाक़ी है। अमेरिका-चीन कूटनीति में भारत एक अहम और रणनीतिक स्थिति रखता है; यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाता है, और साथ ही पेइचिंग के साथ अपनी जटिल सुरक्षा, आर्थिक और सीमा संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए 'बहु-संरेखण' (मल्टी एलाइनमेंट) की नीति अपनाता है।

ट्रंप एक ऐसे समकक्ष के साथ बैठक करेंगे, जिसने चीनी सत्ता पर अपनी पकड़ और मज़बूत कर ली है, उसके बरअक्स ट्रम्प, अपने आखिरी कार्यकाल में हैं। वहां मिड टर्म एलेक्शन में छह माह से भी कम समय रह गया है। लेकिन? क्या अब चीनी हस्तक्षेप से ईरान युद्ध समाप्त होगा? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रंप-शी जिनपिंग मुलाक़ात से ठीक पहले चीन का दौरा इसीलिए तो नही किया है!

## अस्सी करोड़ से ज़्यादा लोग पांच किलो राशन पर पल रहे तो आखिर सोना ख़रीद कौन रहा है..?

# मोदीजी के तेल बचाओ आह्वान के बाद आजकल.........

राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा



**मोदी सरकार नें इस बार सुनार को टास्क दिया है। वैसे ये बाभन और सुनार लोग बीजेपी के कोर वोटर रहे है। हाँ भाजपा में टास्क बारी बारी सबको मिलेगा किसी को पद फ्री में नहीं मिलता और किसी जाति के ब्रांड नेता को यूँ ही मंत्री नही बनाया जाता। उधर सोना ना खरीदने के अपील नें मुझे तब अचंभित किया ज़ब मेरे सामने बस में एक महिला बैठी। महिला तो इस लिए कह रहा हू कि उसके दो हाथ एक सर दो आँख और एक जोड़ी हाई हिल थी अन्यथा स्लीवलेस टी शर्ट पहने जो नाभि तक ही थी । फिर जिस्म का तीन विस्वा का प्लॉट हवा में तैर रहा था जहां ना सोना था ना चांदी। कमर से नीचे आसमानी रंग की जींस पहने है। जिसमें बेल्ट नही थी। इसीलिए वो बार बार सरक रही है। जींस में कई जालीदार विंडोज है। शायद हवा पास होने के लिए है।**

इस महिला ने फैशन में अपने पति को बाईपास कर दिया है। क्योंकि माथे पर गोल गोल बहुत छोटी बिंदी का टीका लगा रखा है। जिसकी नोक बालों के सेंटर की तरफ़ है। जो बहुत बारीक इशारा कर रहा है कि शादीशुदा है। उसके बगल में एक और उम्रदराज लड़की बैठी थी कान में रोलगोल की बाली और हाथ में चांदी का ब्रेसलेट, वह शायद इसकी सास थी। उसका पहनावा भी कुछ ऐसा ही था। बस जिस्म थोड़ा ढीला ढाला कपड़े में अच्छादित था। पूरे बस के लोग इन दोनो का दर्शन करके मोदी जी के सोना ना खरीदने के कथन का अनुमान लगा रहे थे। मैने देखा एक बगल वाली महिला नें 555 निकाला, रगड़ा और खा लिया। मै आंख मूंदकर भगवान का ध्यान कर नें लगा। और कहा प्रभु !

वाकई देश गर्त में जा रहा है। 60 साल की अमीर बुढ़िया जींस टी शर्ट पहन के लड़की लग रही है। जबकि मेरे जैसा 42 साल का ईमानदार पढ़ा लिखा बेरोजगार आदमी चार चार लाइफ टाइम डिजीज लेकर पत्रकारिता में जिंदगी खफा रहा है। अब कुछ कुछ मुझे भगवान पर शंका होने लगा है। उधर सोना खरीदने वाले डीजी, आई जी, मंत्री जी, स्कूल प्रबंधक जी, सरकारी ऑफिस के बाबू जी जिनके यहाँ 100 करोड़ से ज्यादा की सम्पति मिल सकती है या यूँ कहे मिलती ही है। मतलब अगर ईडी सीबीआई तबियत से चापा छापा खेले और बरामद माल थूक लगा कर गिनने लगे तो निर्जलीकरण से मृत्यु हो जाएगी गिनने वाले की। अकेले 100 करोड़ का साम्राज्य स्थापित कर गए सोचो ऐसे कितने ही अधिकारी होंगे ज़ब एक छोटे से दरोगा जी के पास इतने मिले थे ।

जांच सबकी होनी चाहिए जितने भी पुलिस अधिकारी है, ऑफिसो के बाबू है, निजी स्कूलों के प्रबंधक है, निजी डॉक्टर, नेता है, मंत्री है और न्यायाधिकारी है सबकी जांच होनी चाहिए पर अफ़सोस के ये सब मिलकर ही अपने आप में पूरी व्यवस्था है और बदनाम कौन सरकारी मास्टर प्राइवेट कर्मचारी। उपरोक्त के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने के लिए भी दम चाहिए नहीं तो ये शिकायतकर्ता को वैसे ही मार दें। सरकार अपने काम पर लगी है और अधिकारी अपने काम पर और झेलना जनता को पड़ता है। पूरे सिस्टम को मजाक बना कर रख दिया इन लोगों ने और यह हमारे ज्यूडिशरी के यह है हमारे देश के यह है भारत के जनता के रखवाले हैं, यह जनता के रखवाले नहीं जनता को नोच खाने वाले हैं।

मोदीजी के ÷तेल बचाओ÷ आह्वान के बाद आजकल माननीय मंत्री महोदयगण कभी बुलेट से, कभी साइकिल से, कभी ई-रिक्शा, बस, मेट्रो, तो कभी सिर्फ ÷दो गाड़ी÷ में सफर करते दिखाई दे रहे हैंज्और पूरा सोशल मीडिया उनके इस ऐतिहासिक यात्रा के फोटो-वीडियो से भरा पड़ा है। मतलब साफ है –देश सुरक्षित, सड़क सुरक्षित हैज्जनता सुरक्षित और अब माननीयों को भी कोई खतरा नहीं है। फिर ये जेड + सुरक्षा। गाड़ियों का काफिला, सायरन, बैरिकेडिंग और पूरा ट्रैफिक जाम किसलिए ? जब माननीय मंत्रीजी आराम से ई-रिक्शा में निर्भीक होकर घूम सकते हैं, तो जनता के टैक्स से करोड़ों की भारी-भरकम सुरक्षा किस बात की ?

जो नेता जनता के बीच बिना डर के सार्वजनिक परिवहन से यात्रा की फोटो खिंचवा सकता है, उसे जनता के बीच बिना सायरन और सड़क जाम के चलने का साहस भी होना चाहिए। अब मोदीराज्य में जनता टैक्स दे मंत्रीजी सादगी का फोटो डाल और सुरक्षा में पूरा प्रशासन लगा रहे, सड़क पुरी खाली करा ली जाये ! ये कौन सा आत्मनिर्भर मॉडल है भाई ? अगर सच में जनता के बीच जाना है, तो जनता जैसा भरोसा भी दिखाइए। दो गाड़ी काफी है तो फिर बाकी काफिला सायरन और जेड + वाली फौज जनता को लौटा दीजिए! आज सोचा कि चलो 4-5 किलो सोना खरीदते हैं, घर से कार निकाला ही था कि फिर सोचा कि अरे बैटरी रिक्शा कर के देशभक्ती का सबूत देते हैं।

बैटरी से चलने वाले टुक टुक वाले से बात की तो बोला ?100 लूंगा, मुझे मोदी जी की बात याद आ गयी कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट से चलना है, मैंने कहा 5 लोगों को बिठा लो इससे देशप्रेम भी उमड़ेगा। टुक टुक वाला भी जोश? में आ गया और ज़ोर से बोला ÷भारत माता की जय÷ , खैर थोड़ी देर बाद उसे 4 और सवारी मिल गई, मुझे लगा कि अब देशभक्ति पुर्ण हुई, टुक टुक वाला ÷ये देश है वीर जवानों का अलबेलों का मस्तानों का÷ गाते हुए चलने लगा। तनिष्क का शो रूम अंतिम गंतव्य था



जो मेरा था, जब आया तो मैंने उसे ?20 दिया और बोला कि एक बार और जयकारा लगाओ। वह ज़ोर से बोला ÷भारत माता की जय÷ जयकारा सुनकर तनिष्क के गार्ड भागे आए , वह भी जयकारे लगाने ही वाले थे कि मैंने कहा कि यह हो गया, अब देशभक्ति का दूसरा स्वाद दो, वह लोग ÷वंदेमातरम÷ गाने लगेज. मैंने कहा आत्मा तृप्त हुई।

तनिष्क शोरूम के मालिक अहमद भाई (नाम बदला है) पुराने दोस्तज उन्होंने पूछा कितना चाहिए? मैंने पूछा 24 कैरेट वाला कितने रूपए पसेरी है? अहमद भाई बोले अरे ज़ाहिद भाई आपसे क्या मोलभाव, जो समझें दे दीजिएगा। फिर मुझे याद आया कि देशभक्ति में मोदी जी सोना खरीदने को मना किए हैं, मैंने कहा कि नहीं एक साल बाद, सारा स्टाफ मेरी इस देशभक्ति भावना से खुश हुआ। मुझे दस किलो सोना मुफ्त देने की पेशकश की पर मैंने मना कर दिया आखिर बात देश के पीएम के आह्वान का था। मैं देशभक्ति से ओतप्रोत वापस लौटा तो टुक टुक? वाला वहीं खड़ा, मैंने कहा कि अरे अभी तक खड़े हो ? बोला सियाचिन में हमारे जवान माईस टेंपरेचर में सीमा पर खड़े रहते हैं, तो क्या देशहित में मैं इतना भी नहीं कर सकता ?





## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502,
bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

# विधायक अमिताभ बाजपेयी ने शांतिपूर्ण एवं गांधीवादी तरीके से अपना विरोध एवं संकल्प किया व्यक्त

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। भारी पुलिस बल की मौजूदगी एवं प्रशासनिक रोक के बावजूद विधायक जी ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं गांधीवादी तरीके से अपना विरोध एवं संकल्प व्यक्त किया।

विधायक अमिताभ बाजपेयी ने अपने आवास पर हवन-पूजन एवं वैदिक विधि-विधान के माध्यम से विद्यालय पुनर्निर्माण कार्य का ÷वर्चुअल शिलान्यास÷ किया। उन्होंने भारतीय संविधान की शपथ लेते हुए भावुक स्वर में संकल्प व्यक्त किया। कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक लाभ या व्यक्तिगत अहंकार की नहीं है। यह गरीब बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य की लड़ाई है। जब तक परमट के बच्चों का विद्यालय संवैधानिक एवं वैधानिक तरीके से बन नहीं जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। चाहे कितनी भी बाधाएँ आएँ, गरीब बच्चों का भविष्य रुकने नहीं दिया जाएगा।÷विधायक अमिताभ बाजपेयी ने इस अवसर पर एक व्यक्तिगत तप, त्याग एवं लोकतांत्रिक प्रतिरोध का भावनात्मक संकल्प भी लिया की वो जूते-चप्पल नहीं पहनेंगे, नंगे पैर रहेंगे, ऊपरी शरीर पर शर्ट, टी-शर्ट अथवा कुर्ता धारण नहीं करेंगे। शालीनता एवं मर्यादा बनाए रखने हेतु वे केवल बनियान अथवा अंगवस्त्र धारण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक अमिताभ बाजपेयी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा गया।

उक्त ज्ञापन जिलाधिकारी कानपुर नगर के माध्यम से प्रेषित किया गया, जिसे नगर प्रशासन की ओर से एडीएम सिटी श्री राजेश कुमार द्वारा प्राप्त किया गया। हवन-पूजन के उपरांत विधायक अमिताभ बाजपेयी परमट मंदिर पहुँचे, जहाँ उन्होंने पूजन एवं दर्शन किया। विधायक अमिताभ बाजपेयी विद्यालय परिसर पहुँचकर गरीब बच्चों के विद्यालय पुनर्निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे, तब भारी पुलिस बल द्वारा उन्हें विद्यालय स्थल तक जाने से रोक दिया गया। रात से ही विधायक के निवास पर और परमट क्षेत्र में बारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

# हमीरपुर के सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। हमीरपुर के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कानपुर उत्तर एवं दक्षिण द्वारा संयुक्त रूप से जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कानपुर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

जिला मीडिया प्रभारी संजीव बेरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनके खिलाफ इस प्रकार की अशोभनीय टिप्पणी किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विपक्ष के नेताओं द्वारा लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया जा रहा है, जिसका भाजपा महिला मोर्चा पुरजोर विरोध करता है।

मांग की गई कि सांसद अजेंद्र सिंह लोधी सार्वजनिक रूप से अपने बयान पर माफी मांगें तथा उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करने का साहस न कर सके।कार्यक्रम में कानपुर दक्षिण की ओर से मुख्य रूप से जिला मंत्री मधु तिवारी, सपना शर्मा, प्रेमलता तिवारी एवं वंदना देवी उपस्थित रहीं।

महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान एवं देश की गरिमा की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# घर में खड़ी इलेक्ट्रिक कार में लगी आग, मची अफरा-तफरी



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। रेलबाजार थाना क्षेत्र के मीरपुर इलाके में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घर के हॉल में खड़ी इलेक्ट्रिक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और हॉल में रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना में बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि घर में मौजूद छह छोटे बच्चों समेत परिवार के कई लोगों की जान खतरे में पड़ गई थी।जानकारी के अनुसार कार घर के अंदर खड़ी थी। देर रात अचानक कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग भड़क उठी। आग लगते ही घर में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों ने साहस दिखाते हुए फायर सिलेंडर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।हालांकि तब तक घर का हॉल पूरी तरह जल चुका था और अंदर रखा फर्नीचर व अन्य सामान राख हो गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना में करीब 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। परिवार ने बताया कि मकान बने अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था और आग ने नीचे का पूरा हिस्सा बर्बाद कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# नीट पेपर लीक प्रकरण में सख्त कार्यवाही की मांग, आत्महत्या करने वाले छात्र के परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व मे नीट परीक्षा पेपर लीक एवं पेपर लीक से आहत होकर लखीमपुर खीरी के छात्र ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय कानपुर में सौंपा गया। बच्चों के जीवन से खेलने वाले दोषियों पर सख्त कार्यवाही और आत्महत्या करने वाले ऋतिक मिश्रा के परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। काफी संख्या में मौजूद कांग्रेसजनों ने जोरदार नारेबाजी की। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक ने देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। मेहनत करने वाले छात्र आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। लखीमपुर खीरी के छात्र ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि भ्रष्ट और विफल शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ÷अब नहीं देनी प्रतियोगी परीक्षा÷ जैसे शब्द किसी छात्र के नहीं, बल्कि टूट चुके विश्वास की आवाज हैं।

कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है और उनकी आवाज को सड़क से सदन तक उठाने का काम करेगी। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि ह्श्वश्वञ्ज पेपर लीक प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए तथा दिवंगत छात्र के परिवार को आर्थिक सहायता एवं न्याय दिया जाए। साथ ही छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष काउंसलिंग व्यवस्था लागू करने की भी मांग की गई।

इस दौरान नरेश त्रिपाठी, अवनीश सलूजा, बृजेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश गुप्ता, संजय शिखर, संजय पांडे, विमल गुप्ता, प्रदीप यादव, उमाम अंसारी, अभिषेक दिक्षित, उत्कर्ष दीक्षित, शारदानंद शर्मा, जितेंद्र ब्रह्म, दूधनाथ, शाकिर अली उस्मानी, शमशेर आलम आदि मौजूद थे।

# 17 मई से 12 जुलाई तक चलेंगी स्पेशल ट्रेन

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। गुजरात जाने वाले यात्रियों के लिए यह अच्छी खबर है। गुजरात के साबरमती तक जाने वाली ट्रेन अब कानपुर सेंट्रल से होकर गुजरेगी जो आगामी 17 मई से 21 जुलाई तक चलायी जायगी।प्रयागराज मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि सुल्तानपुर से लखनऊ और फिर कानपुर सेंट्रल से होते हुए स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है जो आगामी 17 मई से 21 जुलाई तक चलाई जायेगी। यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल होकर गुजरेगी और गुजरात के साबरमती स्टेशन तक जायेगी। उन्होने बताया कि ट्रेन संख्या 04216 मई 17 रविवार को सुलतानपुर से चलेगी और लखनऊ होते हुए कानपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन सुलतानपुर से सुबह 4 बजे चलेगी और कानपुर सेंट्रल पर 8 बजकर 25 मिनट पर पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में भी ट्रेन संख्या 04215 साबरमती सुल्तानपुर स्पेशल सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर साबरमती से चलेगी जो दोपहर कानपुर सेंट्रल पर अगले दिन 12 बजकर 45 मिनट तक पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन के कानपुर सेंट्रल से गुजरने पर गुजारात जाने वाले यात्रियों को काफी आसानी होगी।

# परेड बाजार के व्यापारियों के साथ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से की भेंट, सौंपा ज्ञापन

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। डा0 उमाकांत विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधी मण्डल परेड बाजार के व्यापारियों को लकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जैसा कि विदित है कि परेड बाजार को विभागों द्वारा हटाये जाने के निर्देश दिए गये है।

इसी विषय को लेकर भारती की कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधी मण्डल अपने पदाधिारियों तथा परेड दुकानदारों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि परेड में यह हाट बाजार आजादी के पहले से लगती आ रही है। यहां कई प्रकार के धार्मिक और सामाजिक कार्य होते है और जब यह होते है तो स्वतः ही यहां के दुकानदार अपनी अपनी दुकाने हटा लेते है।

यहां हर प्रकार की लगभग सात सौ दुकाने लगती है।

ऐसे में दुकानों को हटवाना असंवैधानिक है और हम अपनी पार्टी के साथ इन दुकानदारों के प्रति एक जुटता प्रदर्शित करते है। कहा हम अलोकतांत्रिक कार्यवाई का पूरी तरह विरोध करते है। इस अवसर पर सीता कटियार, उमाकांत, विनोद पाण्डे, गोविन्द नारायण, जटाधर दीक्षित, मो0 रईस, मो0 अनीश, शालू खान, राकेश अग्रवाल, शुभम जैसवाल आदि उपस्थित रहे।

# कानपुर के निर्माणाधीन भवन एआईएसएच का केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी सौरभ जैन एवं डिप्टी सेक्रेटरी नवीन अग्रवाल ने बुधवार को सुरार, कल्याणपुर स्थित ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट फॉर स्पीच एंड हियरिंग (एआईएसएच) के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान All India Institute of Speech and Hearing की निदेशक पुष्पावती, डॉ. अजीश इब्राहिम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर अनुभव जैन, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम, डिप्टी सीएमओ डॉ. कैलाश चंद्र तथा कार्यदायी संस्था National Projects Construction Corporation (एनपीसीसी) के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में ज्वाइंट सेक्रेटरी ने कार्यदायी संस्था को जुलाई 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को भवन की दिव्यांग हितैषी एवं सुगम्यता संबंधी व्यवस्थाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्था को भवन को पूर्णतः दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के लिए आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया गया कि जनपद के चिकित्सालयों से एआईएसएच में अधिकाधिक मरीजों को रेफर किया जाए तथा आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थान की सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हो सकें।

# कानपुर अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को मिले भारत रत्न, भाजपा सांसद ने की मांग



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रमेश अवस्थी ने महान पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी और अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न से विभूषित करने की मांग की है। सांसद अवस्थी ने शनिवार को गणेश शंकर विद्यार्थी की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद ने फीलखाना स्थित ऐतिहासिक प्रताप प्रेस तथा नई सड़क चौबेगोला स्थित शहादत स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और विद्यार्थी जी के राष्ट्र निर्माण एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान को याद किया।इस अवसर पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी केवल कानपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने निर्भीक लेखन और राष्ट्रवादी विचारों के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि ÷प्रताप÷ समाचार पत्र केवल एक अखबार नहीं था, बल्कि वह स्वतंत्रता संग्राम की मजबूत आवाज था, जिसने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जनजागरण का महत्वपूर्ण कार्य किया।सांसद ने बताया कि उन्होंने संसद में भी गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न दिए जाने की मांग उठाई है। उनका कहना था कि विद्यार्थी जी का योगदान राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने योग्य है और आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों तथा बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए।

रमेश अवस्थी ने कहा कि कानपुर की ऐतिहासिक पहचान से जुड़ी प्रताप प्रेस की स्मृतियों को पुनर्जीवित करने के लिए वह संकल्पबद्ध हैं और इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नई सड़क चौबेगोला स्थित शहादत स्थल को भव्य और प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इस दौरान प्रताप प्रेस और गणेश शंकर विद्यार्थी की विरासत से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने सांसद के प्रयासों की सराहना की।

प्रताप वैश्विक शोध संस्थान की ओर से वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रमेश वर्मा, भारतेंदु पुरी, सुधांशु त्रिपाठी, शांतनु त्रिपाठी, उमेश शुक्ला और सुनील साहू ने सांसद रमेश अवस्थी के आवास पहुंचकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न दिए जाने की मांग सदन में उठाना कानपुर के लिए गर्व का विषय है और किसी जनप्रतिनिधि द्वारा इस दिशा में किया गया यह पहला महत्वपूर्ण प्रयास है।



किदवई नगर, के ब्लाक में पति की लम्बी उम्र के लिए वट-वृक्ष की पूजा अर्चना करती महिलायें।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम की मौजूदगी में 20 मामलों का हुआ निस्तारण

**» अवैध कब्जे हटे, पैमाइश हुई, वरासत दर्ज हुई, शिकायतकर्ताओं को मिला समाधान**

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को बिल्हौर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 189 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 20 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष प्रकरणों का समाधान 7 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टि परक ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में एक से अधिक पक्ष हों, वहां सभी पक्षों को सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में कई शिकायतकर्ताओं को वर्षों पुराने विवादों से राहत मिली। रामकुमार पुत्र श्यामलाल की शिकायत पर गाटा संख्या 86 से रास्ते पर हुआ अतिक्रमण मौके पर हटवाया गया। ब्रह्मदीन पुत्र शम्भूनाथ तथा सुरेश ग्राम प्रधान के मामलों में धारा-24 के अंतर्गत पैमाइश कराकर मौके पर सीमांकन कराया गया।

रामकुमार यादव पुत्र जयनरायण की शिकायत पर घर के सामने पड़ा घूर हटवाया गया। अनीता कटियार पत्नी अनुज कुमार और गायत्री शुक्ला पत्नी राजेन्द्र कुमार के मामलों में वरासत खतौनी में दर्ज कर दी गई। विकास पुत्र रघुवीर सिंह की शिकायत पर खेत की पैमाइश कराई गई, जिसमें रकबा पूर्ण पाए जाने पर शिकायतकर्ता संतुष्ट दिखा।

राजकिशोर पुत्र सूरेदार को सीमांकन कर कब्जा दिलाया गया। लक्ष्मी पत्नी शिवकुमार की शिकायत पर ग्राम सुधरदेवा की भूमि की पैमाइश कर निशानदेही की गई। शिवशंकर वर्मा पुत्र स्वर्गीय शिवबालक वर्मा के मामले में जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि निर्माण कार्य संबंधित व्यक्ति की भूमि पर ही हो रहा है, जिसके बाद शिकायतकर्ता को मौके पर जानकारी देकर संतुष्ट किया गया।

राजू पुत्र शिवकुमार की शिकायत पर ग्राम काकूपुर निहाल में गाटा संख्या 48 की पैमाइश एवं सीमांकन कराया गया। अभिषेक सिंह पुत्र बाबू सिंह के मामले में वरासत संबंधी विवाद का निस्तारण कराया गया। रीना पत्नी रजोल की वरासत भी मौके पर दर्ज कराई गई। रामनरायन पुत्र रामदत्त की शिकायत पर आवंटित भूमि की पैमाइश कर सीमांकन कराया गया।

अतुल कुमार मिश्रा पुत्र ओमशरण मिश्रा की शिकायत पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया गया। रामप्रसाद पुत्र हुलामन के मामले में खतौनी में नाम संशोधन कराया गया।

रामनरेश पुत्र रामस्वरूप की शिकायत पर ग्राम समाज भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाकर भूमि कब्जामुक्त कराई गई। माया देवी पत्नी राजेन्द्र को राजस्व एवं पुलिस टीम की मौजूदगी में कब्जा दिलाया गया। वहीं विनोद कुमार की शिकायत पर देईपुर करसेंमपुर स्थित कब्रिस्तान भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर भूमि को मुक्त कराया गया।

समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सर्वाधिक 125, विकास खंड से 23, पुलिस विभाग से 20, विद्युत विभाग से 6 तथा नगर पालिका से 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। शेष प्रकरण अन्य विभागों से संबंधित थे।

इस दौरान सीडीओ अभिनव जैन, सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी, एडीएम न्यायिक महेश प्रकाश, एसडीएम बिल्हौर मनीष कुमार सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

दिव्यांगजनों के लिए लगा विशेष शिविर, मौके पर बने 25 प्रमाण पत्र

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील बिल्हौर में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 दिव्यांगजनों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया, जिनमें से 25 लोगों को मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि 35 को विस्तृत जांच हेतु रेफर किया गया।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय कुमार उत्तम ने बताया कि शिविर में 3 दिव्यांगजनों का पंजीकरण दिव्यांग पेंशन के लिए किया गया। वहीं 12 लोगों को सहायक उपकरण योजना से जोड़ा गया। एक दिव्यांगजन का पंजीकरण दुकान संचालन योजना तथा एक अन्य का शादी अनुदान योजना के अंतर्गत किया गया।

# संयुक्त टीम द्वारा ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट चल रहे वाहनों पर की गयी कार्यवाही 4.48 लाख लगाया गया जुर्माना

**» 91 वाहनों पर हुई कार्रवाई, 17 वाहन किए गए सीज तथा 74 वाहनों का हुआ चालान**



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। घाटमपुर क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि 9 बजे से राजस्व, पुलिस, परिवहन एवं खनन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सघन सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ओवरलोड, बिना नंबर प्लेट, प्रेशर हॉर्न तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई।

संयुक्त टीमों द्वारा कुल 91 वाहनों पर कार्रवाई की गई। परिवहन एवं खनन विभाग की ओर से 7 वाहनों के विरुद्ध ओवरलोड, टैक्स, परमिट, लाइसेंस तथा प्रेशर हॉर्न संबंधी 10 अनियमितताओं में कार्रवाई करते हुए लगभग 4 लाख 48 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस विभाग द्वारा 17 वाहन सीज किए गए तथा 74 वाहनों का चालान किया गया।

अभियान में एसडीएम घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह, एआरटीओ कहकशां, एसीपी कृष्णकांत, खनन अधिकारी, पुलिस बल एवं अन्य विभागीय टीमें मौजूद रहीं।

एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ओवरलोडिंग और यातायात नियमों की अनदेखी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कानपुर ग्रीन पार्क स्टेडियम की फीस में हुई कमी

कानपुर। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने ने ग्रीनपार्क स्टेडियम की ग्राउंड फीस में उल्लेखनीय कमी किए जाने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदत्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि सरकार ने खेल निदेशालय के अधीन ग्रीनपार्क मैदान की फीस 10 करोड़ रुपये से अधिक निर्धारित की थी जिसके चलते यूपीसीए को दो सत्रों के लिए टूनामेंट के आयोजन लखनऊ में कराने पड़े थे। बीसीसीआई उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला ने ग्राउंड फीस में कमी लाने के लए निरंतर प्रयास किए जिनके प्रयासों एवं सकारात्मक संवाद के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए यूपीसीए के अनुरोध को स्वीकार कया और अब ग्रीनपार्क मैदान की फीस में भारी कमी कर दी गई है। इस वर्ष पूरे सीज़न के लए यूपीसीए को एक करोड़ रुपये से भी कम ग्राउंड रेंट का भुगतान करना होगा।

## बीजेपी सांसद रमेश अवस्थी से मार्बल टाइल के व्यापारियों ने की प्रवेश द्वार की मांग



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश मार्बल टाइल व्यापारी एसो के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गौड़ के नेतृत्व में (1) स्वर्गीय मुरारी लाल प्रवेश द्वार साईट नंबर वन एवं बाबा कुटी चौराहे पर सांसद निधि से बनवाने की मांग की। जिसे सांसद रमेश अवस्थी सहमति दी।(2) सीएम ग्रेड से बन रही रोड पर जगह-जगह समस्याओं का भंडार है। पानी जैसी समस्या से व्यापारी एवं क्षेत्रवासी जूझ रहे हैं। जगह-जगह नालों की डक खुली हुई है। समस्या से सांसद रमेश अवस्थी को अवगत कराया। बहुत जल्द समस्या का समाधान होगा सांसद रमेश अवस्थी ने दिया आश्वाशन। प्रमुख रूप से प्रदेश व्यापारी संरक्षक आशुतोष दीक्षित, प्रदेश चैयरमैन अशोक शुक्ला, कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता लालू, दक्षिण अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, अनूप गुप्ता, सोनू आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# आपसी विवाद में एक व्यक्ति की हुई मौत

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना पनकी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला मीना देवी द्वारा बताया गया कि उनके पति तेजवीर सिंह, जो मूल रूप से अलीगढ़ के निवासी थे एवं फिल्म लाइन में कार्य करते थे, की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई एवं स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए गए।प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि दिनांक 13 मई की शाम तेजवीर सिंह क्षेत्र में आए थे, जहां एक आइसक्रीम ठेला लगाने वाले व्यक्ति मिथिलेश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान हाथापाई हुई, जिसमें तेजवीर सिंह को चोटें आईं। घटना के समय उनकी पत्नी भी मौके पर पहुंच गई थीं। इसके बाद तेजवीर सिंह अपनी पत्नी को ऑटो से घर ले गए। देर रात/सुबह उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि विवाद के दौरान मिथिलेश नामक व्यक्ति द्वारा धक्का देने से तेजवीर सिंह घायल हुए थे। घटना के संबंध में पुलिस को उसी समय कोई सूचना नहीं दी गई थी। वर्तमान में शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मामले में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है तथा आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पति की रिहाई की मांग को लेकर टावर पर चढ़ी युवती

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। कचहरी परिसर के बाहर पुलिस कार्यालय के पीछे स्थित एक टावर पर एक युवती अपने पति को जेल से रिहा कराने की मांग को लेकर चढ़ गई थी।

सूचना प्राप्त होते ही समस्त पुलिस बल एवं अधिकारीगण तत्काल मौके पर पहुंचे तथा लगातार वार्ता एवं समझाइश के माध्यम से युवती को सकुशल नीचे उतार लिया गया।

जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त प्रकरण में युवती की माता द्वारा अक्टूबर 2025 में थाना सचेंडी पर अपहरण का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान नियमानुसार पॉक्सो एक्ट की धाराओं की वृद्धि करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। विवेचना पूर्ण कर नियत समय में नवंबर 2025 में आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया जा चुका है तथा अभियुक्त वर्तमान में न्यायालय के आदेशानुसार जेल में निरुद्ध है। मंगलवार को माननीय न्यायालय में उक्त प्रकरण में तारीख होने के दौरान युवती द्वारा यह कदम उठाया गया।

पुलिस द्वारा युवती की काउंसलिंग कराई जा रही है तथा परिवारजनों एवं अधिवक्ताओं से समन्वय स्थापित कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में प्राथमिकता युवती को सुरक्षित एवं सकुशल परिजनों के सुपुर्द करना है।

# सीएम की अपील पर सरकारी गाड़ी छोड़ पैदल ऑफिस पहुंचीं डीएम

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। बिहार के वैशाली जिले में वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को राज्य सरकार की 'नो व्हीकल डे' पहल के समर्थन में सरकारी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया। यह पहल उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान की चिंताओं के बीच ईंधन की खपत कम करने की अपील के बाद शुरू की गई थी। जिला मजिस्ट्रेट वर्षा सिंह, कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ, पैदल, साइकिल से या ई-रिक्शा से कलेक्ट्रेट पहुंचीं, जिससे आमतौर पर भीड़भाड़ वाला पार्किंग क्षेत्र लगभग खाली हो गया।हाजीपुर में पत्रकारों से बात करते हुए, सिंह ने वैशाली के निवासियों से आग्रह किया कि वे सप्ताह में एक दिन पैदल चलकर, साइकिल चलाकर या सार्वजनिक परिवहन और ई-रिक्शा का उपयोग करके ईंधन-मुक्त यात्रा करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह संदेश ईंधन संरक्षण को प्रोत्साहित करने और पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से है।

जिला मजिस्ट्रेट अपने आधिकारिक आवास से त्रिमूर्ति चौक तक ई-रिक्शा से गईं और फिर गांधी चौक से होते हुए अपने कार्यालय पहुंचीं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट संजय कुमार, उप विकास आयुक्त कुंदन कुमार और एसडीओ राम बाबू बैठा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस अभियान में भाग लिया।

यह पहल मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच आई है, जिससे अधिकारियों को आशंका है कि पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस की वैश्विक आपूर्ति बाधित हो सकती है।इसके जवाब में, बिहार सरकार ने नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों से निजी वाहनों का उपयोग कम करने और हर हफ्ते एक 'वाहन निषेध दिवस' मनाने की अपील की है। सिंह ने कहा कि वैशाली के सभी जिला अधिकारी और कर्मचारी हर शनिवार को इस प्रथा का पालन करना जारी रखेंगे और कारपूलिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को भी बढ़ावा देंगे।

उन्होंने निवासियों से पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने के व्यापक प्रयासों के तहत पीएम सूर्य योजना के तहत रूफटॉप सोलर सिस्टम और पीएनजी गैस कनेक्शन सहित ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों को अपनाने की भी अपील की।

## दुर्गा मंदिर का गुम्बद क्षतिग्रस्त, पुलिस जांच में जुटी

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवारी चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर का गुम्बद क्षतिग्रस्त होने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि थाना नौबस्ता क्षेत्र के हंसपुरम चौकी के पास पार्क में बने दुर्गा मंदिर का संगमरमर निर्मित गुम्बद अचानक गिर गया, जिससे मंदिर की चौखट क्षतिग्रस्त हो गई।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मंदिर का गुम्बद पहले से चिपका हुआ था और 15 मई को अज्ञात कारणों से गिर गया। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि किसी अराजक तत्व ने गुम्बद को धक्का देकर गिराया हो सकता है। पुलिस ने बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से क्षतिग्रस्त चौखट के पुनर्निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मंदिर के गुम्बद के क्षतिग्रस्त होने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और कानून व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या नहीं है।

# राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक को सौंपा गया संबोधित ज्ञापन

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय वाजपेयी, जिलाध्यक्ष अनुराग जायसवाल व जिला वरिष्ठ महामंत्री गोपाल शुक्ला के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पाद के व्यापार व उद्योग में प्रस्तावित जियोटैगिंग ऐप के माध्यम से वाहन लोडिंग/अनलोडिंग की समानांतर ऑनलाइन व्यवस्था को स्थगित/वापस लिए जाने को लेकर राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक को संबोधित ज्ञापन कानपुर कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव विजिन बलियान को सौंपा और मंडी सचिव से विस्तृत वार्ता में इससे होने वाली समस्या से अवगत कराया।यह भी तय हुआ कि अगले 20 दिनों के दौरान प्रदेश की सभी 220 मंडियों से मंडी निदेशक को संबोधित ज्ञापन वहां के मंडियों के मंडी सचिव को दिए जाएंगे।

वार्ता में भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने मंडी सचिव को बताया कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्तमान में कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री हेतु 6-आर, 9-आर, गेट पास एवं अन्य राज्यों से कृषि उत्पाद आगमन हेतु प्री-एराइवल स्लिप जैसी ऑनलाइन व्यवस्थाएं पहले से प्रभावी रूप से संचालित हैं। विशेष रूप से, अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश में आने वाले कृषि उत्पादों के लिए लागू ऑनलाइन प्री-एराइवल स्लिप व्यवस्था के कारण मंडी शुल्क चोरी की संभावना नगण्य रह जाती है, क्योंकि प्रपत्र जारी होते ही समस्त विवरण मंडी परिषद के पोर्टल पर प्रदर्शित होने लगते हैं।ऐसी स्थिति में, एक प्रभावी ऑनलाइन प्रणाली के समानांतर जियोटैगिंग ऐप के माध्यम से वाहन लोडिंग एवं अनलोडिंग के समय टैगिंग की नई व्यवस्था लागू किया जाना की अवधारणा के विपरीत प्रतीत होता है। इससे व्यापारियों, उद्यमियों एवं परिवहन व्यवस्था पर अनावश्यक अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा जिसके परिणामस्वरूप अनावश्यक हानि होगी। इसलिए इस नई समांतर ऑनलाइन व्यवस्था को स्थगित किया जाए या वापस लिया जाए।वार्ता में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय बाजपेयी ने कहा कि गल्ला मंडियों से निकलने वाले कृषि उत्पादों, जैसे गल्ला, दलहन, तिलहन, किराना, गुड़ एवं अन्य कृषि आधारित उत्पादों तथा उनसे संबंधित उद्योगों पर इस व्यवस्था का सीधा प्रभाव पड़ेगा। प्रत्येक बार माल लोडिंग एवं गंतव्य पर पहुंचने के उपरांत वाहन संख्या को ऐप के माध्यम से टैग करना अनिवार्य होने से व्यापारिक प्रक्रियाएं जटिल बनेंगी। साथ ही, किसी तकनीकी अथवा मानवीय त्रुटि पर दंडात्मक प्रावधान होने के कारण व्यापारियों एवं उद्यमियों के उत्पीड़न की संभावना भी बढ़ेगी।यह भी कहा कि विशेष रूप से, छोटी मात्रा में माल लेकर अन्य जनपदों में जाने वाले छोटे वाहनों के संदर्भ में यह व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। प्रायः छोटी गाड़ियां ट्रांसपोर्ट नगर तक माल पहुंचाती हैं जहां विभिन्न मालों को एक बड़े वाहन में समेकित कर गंतव्य तक भेजा जाता है। ऐसी परिस्थिति में प्रत्येक चरण पर पुनः वाहन टैगिंग कर पाना व्यावहारिक रूप से अत्यंत कठिन एवं लगभग असंभव होगा। वार्ता में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश संगठन मंत्री संजय सिंह भदौरिया व जिला संयुक्त महामंत्री केके गुप्ता ने कहा कि वाहन टैगिंग व्यवस्था से संबंधित समस्याओं को लेकर तथ्यों एवं व्यावहारिक कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए इस प्रस्तावित व्यवस्था को लागू करने से पूर्व सभी संबंधित पक्षों, व्यापारिक व्यवहार्यता एवं संभावित प्रभावों का समुचित परीक्षण कराया जाए तथा तब तक इस व्यवस्था को स्थगित/वापस लिया जाए।

वार्ता व ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला महामंत्री अर्जित गुप्ता अज्जू , जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र राजन, भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के दक्षिण युवा अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी, राजकुमार जायसवाल, शिव कुमार गुप्ता, शिवकुमार साहू,कार्तिकेय गुप्ता, महेश शंकर गुप्ता आदि थे।

### बिजली, ओले और तूफान से दहला यूपी...

# 111 लोगों की मौत से हड़कंप, सीएम योगी ने शुरू कराया राहत अभियान

**योगी ने उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान प्रभावित जनपदों में राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए**

बीपीएस न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली ने कई जिलों में भारी तबाही मचाई है। खराब मौसम की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 26 जिलों में 111 लोगों की मौत हुई है, जबकि 72 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा 170 पशुओं की मौत और करीब 200 मकानों को नुकसान पहुंचा है। प्रयागराज, मिर्जापुर, फतेहपुर और संत रविदास नगर सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में शामिल हैं।

स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित परिवारों तक तुरंत मदद पहुंचाई जाए और जिन लोगों की मौत हुई है, उनके परिजनों को चार लाख रुपये की राहत राशि बिना देरी दिए दी जाए।मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाएं जल्द से जल्द बहाल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के अच्छे इलाज और पशुहानि से प्रभावित लोगों को भी सहायता देने को कहा है। साथ ही प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार इस कठिन समय में प्रभावित लोगों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर राहत कार्यों के लिए अतिरिक्त मदद की जरूरत पड़े, तो तुरंत शासन को जानकारी दी जाए ताकि समय रहते सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

फिलहाल प्रशासन और राहत टीमें लगातार प्रभावित इलाकों में काम कर रही हैं। सरकार की कोशिश है कि लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए और सामान्य स्थिति बहाल की जा सके।

# उत्तर प्रदेश में अब मंत्री करेंगे बस-ट्रेन से यात्राः योगी सरकार का सादगी मंत्र

**सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक वाहन का उपयोग करें उत्तर प्रदेश के मंत्री- योगी आदित्यनाथ**

बीपीएस न्यूज



लखनऊ उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक वाहन का उपयोग करने का आह्वान करते हुए उन्हें शासन में मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और जनप्रेरक आचरण की नई कार्य संस्कृति विकसित करने का संदेश दिया है। उन्होंने मंत्रियों से अपने काफिले को 50 प्रतिशत तक कम करने का भी आह्वान किया है।मुख्यमंत्री ने अगले छह माह तक राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर विदेश यात्राओं से परहेज करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सम्पन्न उसकी पहली बैठक में मुख्यमंत्री ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक उत्तरदायी, अनुशासित और संसाधन-संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल और डीजल की खपत को न्यूनतम रखने के आह्वान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल को स्वयं आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। सारे मंत्री सप्ताह में एक निर्धारित दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग अथवा साइकिल जैसी सुविधाओं का उपयोग करें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए और आमजन भी इससे प्रेरणा लें। उन्होंने शासन एवं प्रशासन के कार्यों में डिजिटल और वर्चुअल माध्यमों के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिए कि अंतरजनपदीय बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विधानसभा एवं विधानपरिषद की स्थायी समितियों की बैठकें यथासंभव हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएं।मुख्यमंत्री ने सचिवालय और निदेशालय स्तर पर एयर कंडीशनर लिफ्ट के आवश्यकता के अनुसार उपयोग के निर्देश देते हुए एसी का तापमान 24 एवं 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने तथा प्राकृतिक प्रकाश के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, रेल यात्रा और कारपूलिंग को बढ़ावा देने के साथ 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया। ऊर्जा संरक्षण व पर्यावरणीय संतुलन को शासन की प्राथमिकता बताते हुए सीएम ने सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग तथा कॉलोनियों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# पेट्रोल-डीजल, दूध और सीएनजी महंगी, बिगड़ा आम आदमी का बजट

**परिवहन महंगा होने से सब्जी, फल, दूध और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ने की आशंका**

बीपीएस न्यूज




नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच देश में महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी की कमर तोड़ दी है। शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 से 3.29 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी के बाद देशभर में ईंधन महंगा हो गया। नई दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। कई राज्यों में पेट्रोल पहले ही 110 रुपये के पार बिक रहा है। ईंधन के साथ-साथ के दामों में भी 2 रुपये प्रति किलो की वृद्धि की गई है। इसका असर सबसे ज्यादा ऑटो, टैक्सी, स्कूल वैन और रोजाना यात्रा करने वाले लोगों पर पड़ेगा। परिवहन महंगा होने से सब्जी, फल, दूध और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ने की आशंका तेज हो गई है। इसी बीच दूध कंपनियों ने भी उपभोक्ताओं को झटका दिया है। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के दाम 2 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ा दिए हैं। नई दरें 14 मई से लागू हो चुकी हैं।

कंपनियों ने पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन लागत बढ़ने को इसकी वजह बताया है। बढ़ती महंगाई का असर अब सीधे रसोई और सफर दोनों पर दिखाई देने लगा है। मध्यम वर्गीय परिवारों का मासिक बजट बिगड़ गया है। घर चलाने का खर्च बढ़ने से लोगों ने गैरजरूरी खर्चों में कटौती शुरू कर दी है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ीं तो आने वाले दिनों में खाद्य वस्तुएं भी महंगी हो सकती हैं। विपक्ष ने भी सरकार पर हमला तेज कर दिया है। कई नेताओं ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया पर भी महंगाई को लेकर लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है।

आर्थिक जानकारों के मुताबिक ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर पूरे सप्लाई सिस्टम पर पड़ता है। ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ते ही बाजार में हर सामान की कीमत धीरे-धीरे ऊपर जाने लगती है। यही वजह है कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते ही महंगाई का डर भी बढ़ जाता है। सरकार की ओर से फिलहाल राहत के संकेत नहीं मिले हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर भारत पर भी पड़ रहा है और सरकार संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है।



## डीजल-पेट्रोल के दामों में वृद्धि को लेकर खरगे ने मोदी सरकार को घेरा

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पांच राज्यों में चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दामों में वृद्धि को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरा। खरगे ने जनता की जेब पर बढ़ते बोझ को लेकर चिंता व्यक्त की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से वर्क फ्रॉम होम और तेल बचाने की नसीहत पर खरगे ने एक्स पोस्ट में लिखा कि ये संकट मोदी सरकार द्वारा निर्मित संकट है। मोदी सरकार में दूरदर्शी सोच का अभाव है, इसे जनता को समझना चाहिए। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दामों में वृद्धि उद्योगों से लेकर घरेलू बजट और किसानों पर भी पड़ रहा है।खरगे ने कहा कि चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष को सब सामान्य नजर आता है लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद सब जगह संकट फैल जाता है, मंहगाई चरम पर पहुंच जाती है।

## रामनाथ स्वामी मंदिर में लड्डू घोटाला मुफ्त प्रसाद बेचकर 3.40 करोड़ की धोखाधड़ी, छह कर्मचारी निलंबित

बीपीएस न्यूज

रामनाथपुरम। अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को मुफ्त वितरित किए जाने वाले लड्डू प्रसाद को अवैध रूप से बेचकर 3 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में मंदिर प्रशासन ने एक जूनियर असिस्टेंट सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।मामले का खुलासा उस समय हुआ जब पिछले मार्च महीने में मंदिर के संयुक्त आयुक्त सेलत्तुरई ने लड्डू प्रसाद की तैयारी और आय-व्यय खातों की अचानक जांच कराई। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।प्राथमिक जांच में पता चला कि प्रसाद निर्माण और बिक्री के प्रभारी जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति ने मुफ्त बांटे जाने वाले लड्डुओं की संख्या रिकॉर्ड में कम दिखाकर उन्हें स्टॉलों के माध्यम से अवैध रूप से बेच दिया। इसके जरिए बड़ी मात्रा में धन एकत्र किया गया। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों और अन्य स्टाफ से लगातार पूछताछ की गई। जांच में यह पुष्टि हुई कि जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति के नेतृत्व में कर्मचारियों का एक समूह लंबे समय से इस घोटाले को अंजाम दे रहा था।जांच रिपोर्ट के अनुसार, बाहरी बाजार से कच्चा माल थोक में खरीदकर अवैध तरीके से लड्डू तैयार किए गए और उन्हें मंदिर परिसर के काउंटरों के माध्यम से श्रद्धालुओं को बेचा गया। अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2023 से फरवरी 2026 तक करीब 11 लाख 40 हजार लड्डू अवैध रूप से तैयार कर बेचे गए, जिससे लगभग 3 करोड़ 40 लाख 65 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई।

इस मामले में जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति, लावण्या, अंबिका, टिकट विक्रेता सेल्वी, कर्मचारी शिवनेश्वरी और विक्रम सहित छह लोगों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन संबंधी आदेश मंदिर के संयुक्त आयुक्त सेलत्तुरई द्वारा जारी किए गए हैं। कि रामेश्वरम स्थित प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर में वर्ष 2019 से प्रसाद बिक्री का कार्य मंदिर प्रशासन स्वयं संचालित कर रहा है।

## कुलदीप सेंगर की उम्रकैद पर रोक के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द



बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सेंगर की उम्रकैद की सजा पर रोक लगाते हुए राहत दी गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने हाईकोर्ट को मामले की दो महीने के भीतर नए सिरे से सुनवाई कर फैसला देने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि मामले में कानूनी पहलुओं की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट को त्वरित सुनवाई करनी होगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है, लेकिन राहत आदेश पर पुनर्विचार जरूरी है। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में सेंगर की उम्रकैद की सजा पर रोक लगाई थी। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की थी कि विधायक को पब्लिक सर्वेंट की श्रेणी में माना जाए या नहीं, यह कानूनी विवाद का विषय है। इसी आदेश को चुनौती देते हुए सीबीआई सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। 2017 के चर्चित उन्नाव रेप केस में सेंगर को 2019 में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। यह मामला देशभर में भारी राजनीतिक और सामाजिक विवाद का केंद्र बना था।

# दांस्ता बयांः बार-बार कपड़े उतरवाए.... तिहाड़ जेल में गुजारी जिंदा लाश जैसी जिंदगी

बीपीएस न्यूज

जेल की चार दीवारों के पीछे की दुनिया उतनी ही कठोर और जटिल होती है, जितनी बाहर से दिखाई देती है। तिहाड़ जेल में बिताए गए कठिन दिनों को लेकर एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर संदीपा विर्क ने ऐसे अनुभव साझा किए हैं, जिसने हर किसी को झकझोर दिया है।

**जेल में दुपट्टा पर सोतीं थी संदीपा**

शालू निशा के पॉडकास्ट में संदीपा ने बताया कि जेल में उनकी पहली रात ही बेहद कठिन थी। 6 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार महीने जेल में रहने के दौरान उन्होंने बेहद मुश्किल हालात झेले। गर्मी, गंदगी, कीड़े-मच्छर और असुविधाजनक माहौल के बीच उनकी रातें जागते हुए गुजरती थीं। कई बार तो वो अपना दुपट्टा नीचे बिछाकर सोती थीं। कई बार वो रातों को जागकर सिर्फ पाठ करती थीं।

**जेल में बन गई थी जिंदा लाश**

उन्होंने बताया, नीचे सोने की वजह से मेरे शरीर में दर्द रहता था। मुझे पीरियड्स आने भी बंद हो गए थे। दवाईयां खाने से ब्लोटिंग रहती है। वॉशरूम इतने गंदे थे कि पहली रात ही मुझे उल्टी आ गई। चेकिंग के नाम पर 25-30 कपड़े उतरवाए जाते थे। मेरे लिए ये सब शॉकिंग था। मैं भगवान से कहती थी, मैंने ऐसा क्या किया जो मुझे जिंदा लाश बना दिया।

**मानसिक रूप से टूट गई थी एक्ट्रेस**

बार-बार चेकिंग, कपड़े उतरवाने जैसी प्रक्रियाओं ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया था।संगीता के कहा, जेल में लड़कियों के ग्रुप अलग-अलग थे। वहां, लड़किया गालियां देती थीं। सुबह 6 बजे वॉर्ड से बाहर जाना और 12 बजे सेल में डाल दिया जाता था। फिर 3 बजे गेट खोला जाता था और शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी कैदी सेल में रहते थे। फोन कॉल जैसी छोटी सुविधा के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ता था। कोर्ट से जेल जाने तक मेरा 6 बार प्रेग्नेंसी टेस्ट भी किया गया।

संदीपा ने बताया कि कुछ कैदियों ने समय के साथ अपने लिए एक व्यवस्था बना ली थी, लेकिन अंडरट्रायल कैदियों के लिए स्थिति अधिक कठिन थी।



# नन्हे मियां तूफान में उड़ गए थे 50 फीट ऊपर, टूटी हड्डी लगवानी पड़ी प्लेट

बीपीएस न्यूज

बीते दिनों उत्तर प्रदेश के बरेली से एक हैरान कर देने वाला वीडियो वायरल हुआ, जिसमें शख्स टीन शेड के साथ कई फीट ऊपर हवा में उड़ता दिखाई दिया। जमीन पर गिरने के बाद वो गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उनका एक हाथ और पैर टूटा है। अब इसी शख्स ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उनके साथ क्या-क्या हुआ।

बुधवार (13 मई 2026) को हादसे का शिकार हुए पीड़ित की पहचान भमोरा इलाके के बबियाना गांव निवासी



नन्हे मियां के रूप में हुई है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए नन्हे मियां ने कहा कि तूफान के कारण 50 फीट ऊपर उड़ा तो लगा नहीं कि अब जिंदा बच पाऊंगा। बाद में पानी से भरे मक्के के खेत में जा गिरा। जब मैं हवा में उड़ रहा था तब अल्लाह को याद कर रहा था, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं बच पाऊंगा।नन्हे मियां ने कहा, 'मैं एक मजदूर हूं और मैं काम कर रहा था। तभी तूफान आ गया। तूफान से बचने के लिए हम लोहे के पोल की रस्सी पकड़कर खड़े थे। उसी वक्त इतनी तेज हवा आई कि ढांचा हवा में ऊपर उठने लगा। मेरे साथ चार और लोग भी थे। मैंने उनसे कहा, 'मैं इसे नीचे दबाकर रखता हूं, तुम लोग इसे मजबूती से बांध दो। मैंने टीन को पकड़ा हुआ था, तभी तेज हवा में टीन के साथ मैं भी उड़ गया। इस दौरान मैं बस अल्लाह को याद कर रहा था। मैं लगभग 80 फीट दूर मक्के के खेत में जा गिरा। खेत में पानी भरा हुआ था। मैं वहीं कीचड़ में धंस गया।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक आदमी ने जब देखा तो उसने मुझे अपने कंधे पर उठाकर कीचड़ से बाहर निकाला। इसके बाद उसने मुझे अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाया और अपने ले गया। मेरा एक्स-रे हुआ और उसके बाद मुझे बरेली ले जाया गया। मेरी हड्डी टूटी है, जिसके लिए एक मेटल प्लेट लगवानी पड़ी। इसके अलावा मेरे पूरे शरीर पर चोटें आई हैं। जब मैं हवा में उछल रहा था, तब मैं लगातार अल्लाह को याद कर रहा था। मुझे नहीं लगा था कि मैं बच भी पाऊंगा।'

बकौल नन्हे मियां वह चाहते हैं कि उनकी कहानी सरकार तक पहुंचे। वह कहते हैं, 'मुझे अपने छोटे बच्चों का पालन-पोषण करना है। परिवार में कमाने वाला और कोई नहीं है। मैं बहुत मुश्किल में हूं। मैं तभी दोबारा काम कर पाऊंगा जब मेरी चोटें ठीक होंगी। मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह मेरी मदद करे।'

# गर्मी में सीने में जलन, बुखार और चक्कर जैसी समस्याएं होंगी दूर



भीषण गर्मी का मौसम अपने साथ कई स्वास्थ्य चुनौतियां लेकर आता है। जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, हमारे शरीर का कूलिंग सिस्टम संघर्ष करने लगता है। ऐसे में सीने में जलन, लू के कारण बुखार और अचानक चक्कर आना बहुत आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी रसोई और जीवनशैली में छुपे कुछ छोटे-छोटे बदलाव आपको इन समस्याओं से पूरी तरह निजात दिला सकते हैं? आइए जानते हैं कि इस तपती गर्मी में अपने पेट को ठंडा और शरीर को ऊर्जावान कैसे रखें।

### सीने में जलन और एसिडिटी का रामबाण इलाज

गर्मी में तेल-मसाले वाला खाना पचने में भारी होता है, जिससे पेट में एसिड बनता है और छाती में जलन होने लगती है। अगर सीने में जलन महसूस हो, तो आधा गिलास ठंडा दूध धीरे-धीरे पिएं। यह एसिड को तुरंत बेअसर करता है। खाना खाने के बाद सौंफ और मिश्री का सेवन करें। इसकी तासीर ठंडी होती है और यह पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है।

### बुखार और लू से बचाव

शरीर का तापमान बढ़ना या 'हीट स्ट्रोक' के शुरुआती लक्षण बुखार के रूप में दिखते हैं। कच्चे आम का पन्ना विटामिन-सी से भरपूर होता है और शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सबसे कारगर है। यह आपको लू लगने से बचाता है।आयुर्वेद के अनुसार, गर्मी में बाहर निकलने से पहले या बाद में प्याज का रस हाथ-पैरों के तलवों पर मलने या इसे आहार में शामिल करने से लू का असर खत्म हो जाता है।

### चक्कर आने की समस्या होगी दूर

अत्यधिक पसीने के कारण शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जिससे बीपी लो होना और चक्कर आना शुरू हो जाता है। दिनभर में कम से कम 2 बार नींबू पानी या ओआरएस का घोल लें। यह शरीर में नमक और चीनी के संतुलन को बनाए रखता है। आप रोजाना एक नारियल पानी जरूर पीएं। इससे चक्कर आने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

# क्या आप की स्किन धूप से पड़ गई है काली,.. फौरन ठीक करेंगे ये 4 घरेलू उपाय

गर्मियों का मौसम आते ही सूरज देवता अपने पूरे तेवर दिखाने के साथ ही सेहत को भी नुकसान पहुंचाना शुरू कर देते हैं। चिलचिलाती धूप और पसीने के बीच सबसे ज्यादा नुकसान हमारी स्किन को झेलना पड़ता है। अक्सर लोग शिकायत करते हैं कि थोड़ी देर भी धूप में निकलो, तो चेहरा बिल्कुल काला पड़ जाता है और सन टैनिंग की वजह से स्किन का ग्लो एकदम गायब हो जाता है। अगर आप भी इस चिलचिलाती धूप में काली पड़ी स्किन से परेशान हैं, तो महंगे पार्लर ट्रीटमेंट या केमिकल वाले प्रोडक्ट्स पर पैसे खर्च करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। आपकी रसोई में ही कुछ ऐसी जादुई चीजें छिपी हैं, जो टैनिंग को चुटकियों में गायब कर सकती हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही 4 जादुई घरेलू उपायों के बारे में जो आपकी स्किन को तुरंत चमका देंगे।




### 1. टमाटर और नींबू का रस

टमाटर में लाइकोपीन नाम का एंटी-ऑक्सीडेंट होता है जो स्किन को धूप से बचाता है। वहीं नींबू में ब्लीचिंग करने की क्षमता होती है। एक पके हुए टमाटर के पल्प में एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे और टैनिंग वाले हिस्से पर लगाएं। 15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। यह नुस्खा पहली बार में ही असर दिखाने लगता है।

### 2. दही और बेसन का जादुई पैक

दही और बेसन का नुस्खा टैनिंग हटाने के लिए सबसे बेस्ट माना जाता है। दो चम्मच बेसन में एक चम्मच ताजा दही और थोड़ी सी हल्दी मिलाएं। इस गाढ़े पेस्ट को स्किन पर लगाएं और सूखने दें। जब यह हल्का सूख जाए, तो हाथों को गीला करके धीरे-धीरे स्क्रब करते हुए इसे साफ करें। दही स्किन को अंदर से नमी देता है और बेसन डेड स्किन को हटाकर स्किन को एकदम ग्लोइंग बना देता है।

### 3. कच्चे दूध और हल्दी का लेप

कच्चा दूध स्किन के लिए एक नेचुरल क्लींजर का काम करता है। आधा कप कच्चे दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाएं। अब एक कॉटन बॉल की मदद से इसे अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। जब यह सूख जाए, तो दोबारा एक लेयर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। इससे न सिर्फ टैनिंग दूर होगी बल्कि चेहरे पर एक कमाल का ग्लो भी आ जाता है।

### 4. एलोवेरा जेल और खीरे का रस

धूप से झुलसी स्किन को कूल करने और टैनिंग मिटाने के लिए यह सबसे बेहतरीन कूलिंग पैक है। खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और उसमें दो चम्मच फ्रेश एलोवेरा जेल मिलाएं। इस मिक्चर को फ्रिज में थोड़ी देर ठंडा होने के लिए रख दें, फिर इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद धो लें। यह स्किन की जलन को तुरंत शांत करता है।

# क्या आप भी परेशान हैं पेट फूलने की समस्या से



कई बार थकावट ज्यादा होने से या फिर अनियमित खाने-पीने की वजह से पेट फूल जाता है, यानी 'ब्लोटिंग' जो आजकल एक आम समस्या बन चुकी है। पेट में भारीपन, कसाव और गैस की वजह से न सिर्फ बेचैनी होती है, बल्कि कई बार यह दर्दनाक भी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पाचन संबंधी समस्याओं जैसे खान-पान की गलत आदतों और स्ट्रेस के कारण ब्लोटिंग हो सकती है।अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो कुछ आसान घरेलू उपायों और लाइफ स्टाइल में बदलाव के जरिए इससे छुटकारा पा सकते हैं।खाने के बाद सुस्ती दिखाने के बजाय 10-15 मिनट की वॉक करें। हल्की एक्सरसाइज या योग से पेट में फंसी हवा बाहर निकलने में मदद मिलती है और पाचन सुधरता है।कब्ज के कारण होने वाली ब्लोटिंग में पेट की मसाज बहुत फायदेमंद है। अपनी पीठ के बल लेटकर पेट पर क्लॉकवाइज मोशन में हल्के हाथों से मसाज करने से बाउल मूवमेंट बेहतर होता है।स्ट्रेस ब्लोटिंग का एक बड़ा कारण है। गर्म पानी से नहाने से शरीर रिलैक्स होता है और पेट की मांसपेशियों को भी राहत मिलती है।डाइट में धीरे-धीरे फाइबर की मात्रा बढ़ानी चाहिए। अचानक बहुत ज्यादा फाइबर खाने से गैस बन सकती है, इसलिए फल और सब्जियों को धीरे-धीरे शामिल करें। इसके साथ ही, दिन भर में पर्याप्त पानी पीना सुनिश्चित करें। कार्बोनेटेड या फिजी ड्रिंक्स की जगह सादा पानी पिएं, क्योंकि सोडा और सॉफ्ट ड्रिंक्स पेट में गैस को बढ़ाते हैं।

# ब्यूटी आइकन मेगा मॉडल वैशाली भाऊरजार को मिला लिजेंड दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड



अपनी मेहनत, आत्मबल और कला कौशल के बल पर फैशन और समाज सेवा दोनों क्षेत्रों में स्थायी और प्रभावशाली पहचान बना चुकी ब्यूटी आइकन मेगा मॉडल वैशाली भाऊरजार को पिछले दिनों मुम्बई के रहेजा क्लासिक क्लब में कृष्णा चौहान फाउंडेशन (केसीएफ) के बैनर तले आयोजित लिजेंड दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2026 समारोह (7वें सीजन) में पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा, संगीतकार दिलीप सेन कॉमेडियन सुनील पाल और डॉ योगेश लखानी की उपस्थिति में अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई की मूल निवासी वैशाली भाऊरज़ार की मॉडल बनने की कहानी काफी दिलचस्प और प्रेरणादायक है। वैशाली प्रारंभ में एयर होस्टेस बनना चाहती थी और वह बनी भी। किंगफिशर एयरलाइंस के साथ उन्होंने एक्स कैबिन क्रू (एयरहोस्टेस) के रूप में काम भी किया मगर उनकी किस्मत ने उन्हें मॉडलिंग की दुनिया मे ला दिया। बॉलीवुड के चर्चित सिंगर उदित नारायण के द्वारा तीन बार और सिंगर दीपा नारायण के द्वारा दो बार वैशाली सम्मानित की जा चुकी हैं।

मेगामॉडल वैशाली भाऊरज़ार को महात्मा गांधी रतन अवॉर्ड 2025 मिस इंडिया विनर, बॉलीवुड लीजेंड फिल्म फेस्टिवल 2025 और मुंबई ग्लोबल की ओर से अखंड भारत गौरव सम्मान 2025 जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाज़ा जा चुका है। लगातार मिल रहे ये राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार इस बात को दर्शाते हैं कि वैशाली आज न केवल फैशन इंडस्ट्री की सशक्त आवाज़ हैं, बल्कि देश की प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों में से एक बन चुकी हैं।

**प्रस्तुतिः काली दास पाण्डेय**

# कर्मफल के अधिष्ठाता और न्यायाधीश शनिदेव



शनिदेव की गणना अशुभ ग्रहों में होती है। ये नौ ग्रहों में सातवें स्थान पर आते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, एक राशि में ये 30 महीने तक निवास करते हैं। वहीं, मकर एवं कुंभ राशि के ये स्वामी भी हैं। शनिदेव की महादशा 19 वर्ष तक रहती है। उल्लेखनीय है कि इनके गुरुत्व बल के कारण प्राणियों के सभी अच्छे एवं बुरे विचार इन तक पहुंच जाते हैं, जिसके बाद ये प्राणियों को कर्मानुसार फल प्रदान करते हैं।इन्द्रनीलमणि के समान श्याम कान्तियुक्त शरीर वाले शनिदेव को सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। ये शीश पर अमूल्य मणियां जड़ित स्वर्ण मुकुट, गले में सुंदर माला तथा शरीर पर नीले रंग के वस्त्र धारण करते हैं। ये सामान्यतः अपने मुख्य वाहन 'कौए' पर सवार रहते हैं। धनुष-बाण और त्रिशूल इनके अस्त्र-शस्त्र हैं और ये वरमुद्रा धारण किये रहते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीसूर्य नारायण के पुत्र शनिदेव मनुष्य को उसके पापों-बुरे कर्मों के लिए दण्ड प्रदान करने वाले देवता हैं।शनिदेव का प्राकट्य ज्येष्ठ महीने की अमावस्या तिथि को हुआ था। शनिदेव के पिता भगवान श्रीसूर्य नारायण हैं, जबकि इनकी माता छाया देवी हैं, जिन्हें संवर्णा के रूप में भी जाना जाता है। शनिदेव के प्राकट्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पौराणिक कथा के अनुसार, शनिदेव के पिता सूर्यदेव का विवाह प्रजापति दक्ष की पुत्री संज्ञा के साथ हुआ था। विवाहोपरांत उन्हें मनु, यम और यमुना नामक तीन संतानों की प्राप्ति हुई।

हालांकि, सूर्यदेव के प्रचंड तेज के कारण संज्ञा देवी का सूर्यदेव के साथ निर्वाह करना अत्यंत कठिन था। इसलिए, संज्ञा सूर्य के तेज को अधिक समय तक सहन नहीं कर पायीं और अपनी छाया को पति सूर्यदेव की सेवा में छोड़कर वहां से चली गयीं।

उसके कुछ समय के बाद सूर्यदेव एवं छाया देवी की संतान के रूप में शनिदेव का प्राकट्य हुआ। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, प्राकट्य के समय से ही शनिदेव श्याम वर्ण, लंबे शरीर, बड़ी आंखों और बड़े केशों वाले थे।



# हीटर से जलाई गई मासूम के पास 48 घंटे बाद पहुंचे अफसर, लकड़ी बिनकर पेट भर रहे चार अनाथ भाई-बहन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित पुरवामीर गांव में उस समय मासूमों की पीड़ा सामने आई, जब 14 वर्षीय बड़े भाई ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी कि उसकी चाची उसकी छोटी बहन को हीटर से जला रही है। रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर महिला एवं बाल कल्याण मिशन तथा चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम गांव पहुंची।

न सिर पर मां का ममतामयी आंचल है, न पिता का मजबूत साया। महाराजपुर के पुरवामीर गांव के उन चार मासूमों की दुनिया किसी डरावनी फिल्म जैसी है, जहां अपनों ने जख्म दिए और प्रशासन ने मरहम लगाने में दो दिन की देरी कर दी। कहने को तो महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने जिम्मेदारी संभाल ली है, लेकिन हकीकत यह है कि दो दिन बीतने के बाद भी इन अनाथों की रसोई ठंडी है।अधिकारियों के आने से पहले जली %लकड़ियों की आगजिलाधिकारी के आदेश पर जब रविवार को महिला एवं बाल कल्याण मिशन और चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम गांव पहुंची, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। 14 साल का बड़ा भाई सुबह 5 बजे उठकर लकड़ियां बीन चुका था और अपनी छोटी बहन व भाइयों के लिए चूल्हे पर खाना बना चुका था। सरकारी फाइलों में योजनाओं का अंबार है, लेकिन इन बच्चों के घर में न गैस सिलेंडर है और न चूल्हा।एक चादर और टूटी खाट~ यही है अनाथों की गृहस्थीप्रशासनिक अमला जब सांत्वना देने पहुंचा, तो घर के हालात देखकर कलेजा मुंह को आ गया। गृहस्थी के नाम पर दो-चार पुराने बर्तन, एक टूटी हुई खाट और बिस्तर के नाम पर महज एक चादर। इसी एक चादर में चारों भाई-बहन सिमटकर रात काटते हैं। दो दिनों तक ये बच्चे भूख और अभाव से लड़ते रहे, तब जाकर अफसरों को इनकी सुध आई।

भैया नहीं मारते, बाकी सब मारते हैंजब चाइल्ड हेल्प लाइन के कर्मचारियों ने छोटे बच्चों से पूछा कि सबसे ज्यादा प्यार कौन करता है? तो मासूमों की आंखों में आंसू छलक आए।

उन्होंने बिलखते हुए कहा, ÷भैया के अलावा हमारा कोई नहीं है, सब मारते हैं, सिर्फ भैया नहीं मारते।÷ 14 साल का वह किशोर अब अपने भाई-बहनों के लिए बाप की जिम्मेदारी और मां का प्यार, दोनों निभाने की कोशिश कर रहा है।घटना



का फ्लैशबैक~ जब 112 पर गूंजी थी मासूम की पुकारयह पूरा मामला दो दिन पहले तब शुरू हुआ था, जब बड़े भाई ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बताया था कि उसकी चाची उसकी छोटी बहन को हीटर से जला रही है। पुलिस मौके पर पहुंची, बच्चों को क्रूर चाचा-चाची से मुक्त कराया गया, लेकिन

उसके बाद दो दिनों तक ये बच्चे प्रशासनिक मदद के लिए तरसते रहे।अब कागजी कार्रवाई का दौर शुरूरविवार को पहुंची टीम ने बच्चों का डेटा एकत्रित किया और उनके दस्तावेज सुरक्षित किए। अधिकारियों का दावा है कि बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और समय-समय पर निगरानी की जाएगी। चाइल्ड हेल्प लाइन के कर्मियों ने फल बांटकर बच्चों का मनोबल बढ़ाने की कोशिश जरूर की, लेकिन सवाल वही है कि राशन के पैकेट के अलावा उन मूलभूत सुविधाओं का क्या, जिनके अभाव में ये बच्चे असुरक्षित हैं।

# किशोरियो के साथ बलात्कार व हत्या पर ज्ञापन सौंप जताई चिंता

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। ऐडवा द्वारा एक ज्ञापन पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर को सौंपा गया, जिसमें नाबालिग किशोरियों के साथ हो रहे बलात्कार और हत्या जैसे अपराध बहुत अधिक हो रहे हैं इस विषय पर पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर को लिखित रूप से अवगत कराया गया।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि कानपुर के समाचार पत्र महिलाओं के साथ हिंसा हत्या व बलात्कार की घटनाओं से भरे रहते है क्या कारण है की रोज रोज इस तरह की घटनायें होती रहती है अपराधियों मे पुलिस प्रशाशन का कोई डर नहीं है चार साल की बच्ची से लेकर 70 वर्ष तक की महिला भी सुरक्षित नहीं है। परिवारीजन बच्चियों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंचित है। हाल में नजीरबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बी जे पी नेता कृष्णा पांडेय द्वारा नाबालिग लड़की का बार बार बलात्कार किया गया। अभी लगभग दो माह पहले सचेंडी मे नाबालिग लड़की के साथ हुए बलात्कार के मामले मे एक पुलिस वाला भी शामिल था जिसकी गिरफ्तारी आज तक नहीं हो पायी है और प्रसाशन की ओर से पीड़िता को कोई भी आर्थिक मदद भी नहीं दी गई है।हमारा संगठन पहले भी




आपसे मिलकर ज्ञापन दे चुके है। रोज रोज इस तरह की घटनाएं होने से महिलाएं व बच्चियां मानसिक रूप से बहुत ही डर व घबराहट मे रहती है। जिससे उनका दैनिक जीवन उनकी पढ़ाई नौकरी व अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है। इस तरह की घटनायें महिलाओं के विकास मे बाधा बन रही है।संगठन के माध्यम से आपसे मांग करते है की महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा व बलात्कार की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशाशन कोई ठोस रणनीति बनाये जिससे आने वाले समय मे महिलाएं व बच्चियां निडर होकर अपना भविष्य बनाये व एक सम्मानित नागरिक रूप मे अपनी पहचान बनाएं।

उन्होने आश्वासन दिया कि दोषी चाहें कोई भी हो हमारी तरफ से निष्पक्ष जांच पड़ताल करके उसे कठोर दंड दिया जायेगा दोषी का अपराध सिद्ध होने पर उसे किसी प्रकार बख्शा नहीं जायेगा आप कोई भी ऐसा केस लेकर आयें हम आपका पूरा सहयोग करेंगे।

# बिजली टावर से लटकता मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

## गृहकलह से परेशान होकर उठाया आत्मघाती कदम, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य



» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। रसूलाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक का शव खेतों के बीच से गुजर रही 33 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के टावर से लटकता हुआ मिला। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर टावर पर लटके शव पर पड़ी। यह दृश्य देखते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।

सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

मृतक की पहचान अंता गांव निवासी झल्लू बाजपेई (44) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार झल्लू बीते कुछ समय से पारिवारिक कलह के चलते मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बताया जाता है कि घटना से एक दिन



पहले भी घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से निकल गया और वापस नहीं लौटा।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि झल्लू ने गांव के बाहर सुनसान इलाके में स्थित विद्युत टावर पर चढ़कर कपड़े के सहारे फांसी लगा ली।

हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और हर पहलू पर नजर बनाए हुए है।

# ई-रिक्शा वाले ने कोठे पर उतारा, किशोरी को देह व्यापार के अड्डे पर बनाया बंधक, सात दिन बाद पुलिस ने बचाया



फर्रुखाबाद में प्रेमी से मिलने जा रही किशोरी को ई-रिक्शा चालक ने कुटरा के एक मकान में देह व्यापार के लिए बंधक बना दिया था। उसे पुलिस ने मुक्त कराकर तीन आरोपियों को जेल भेजा है।फर्रुखाबाद जिले में प्रेमी से मिलने के लिए घर से निकली किशोरी को देह व्यापार के लिए अपहरण कर घर में बंधक बना लिया गया। सात दिन बाद पुलिस ने किशोरी को तलाश कर बंधनमुक्त कराया। इसके साथ ही शनिवार को फतेहगढ़ के कुटरा से दंपती व एक महिला को गिरफ्तार जेल भेज दिया। पुलिस को उस ई-रिक्शा चालक की तलाश है, जो किशोरी को कुटरा लेकर गया था।क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी आठ मई को दोपहर करीब तीन बजे घर से बिना बताए निकल गई थी। परिजन ने खोजबीन की तो पता नहीं चला। इसके बाद सोमवार को मां ने किशोरी को ले जाने के आरोप में फतेहउल्लापुर निवासी गौरव व कादरीगेट के खानपुर के अभिषेक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।पुलिस ने किशोरी की तलाश में दबिश दीछानबीन के बाद मामले की विवेचना कर रहे दरोगा कमलेश कुमार ने पुलिस बल के साथ शुक्रवार रात फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कुटरा गांव निवासी खुशबू के घर में किशोरी की तलाश में दबिश दी। वहां पुलिस को किशोरी मिल गई। पुलिस ने खुशबू, बरेली के थाना सुभाष नगर के करगैना निवासी अनिल यादव व उसकी पत्नी हेमा को गिरफ्तार कर लिया।किशोरी से घरेलू व गलत काम कराना चाहते थेदेर रात अपर पुलिस अधीक्षक सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय व फतेहगढ़ कोतवाल रणविजय ने थाने पहुंच मामले की जानकारी ली। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने किशोरी को डरा धमकाकर घर में बंद कर लिया था। वह किशोरी से घरेलू व गलत काम कराना चाहते थे।ट्रेन से फर्रुखाबाद स्टेशन पर उतरी थी किशोरीइसके बाद पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। विवेचक के मुताबिक किशोरी ने पूछताछ में बताया कि वह ट्रेन से फर्रुखाबाद स्टेशन पर उतरी थी। बाहर निकलने के बाद वह प्रेमी से मिलने खानपुर जाने के लिए रिक्शा में बैठ गई। इसके बाद रिक्शा चालक उसे कुटरा ले गया और घर में बंद कर दिया।दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को भेजा जेल शनिवार को पुलिस ने पहले से दर्ज प्राथमिकी में बंधक बनाने, धमकी देने, अपहरण आदि की धाराओं की बढ़ोतरी की है। दोपहर को तीनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि किशोरी को सकुशल तलाश कर लिया गया है। दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों का चालान कर दिया गया।देह व्यापार का होता है धंधा, दिन भर आते थे लोग फतेहगढ़ कोतवाली के कुटरा गांव में आरोपी देह व्यापार का धंधा काफी लंबे समय से चला रहे हैं।

इसके अलावा शहर के कुछ स्थानों पर भी घरों में यह काम होते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके साथ किसी ने गलत काम नहीं किया लेकिन वहां कई महिलाएं थीं। दिनभर लोग आते-जाते थे। वह डरी सहमी थी कि उसके साथ भी कुछ न हो जाए। फिलहाल पुलिस रिक्शे वाले की तलाश में जुटी है।

# डॉ. सीता यादव ने सैकड़ों समर्थकों संग थामा सपा का दामन

## समाजसेवा की मजबूत जमीन पर राजनीति की एंट्री, महिला शक्ति की बड़ी भागीदारी से गरमाई सियासत



» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के पुखरायां कस्बे से उठी एक मजबूत सामाजिक पहचान अब सियासी रंग में रंगती दिखाई दी। मां पीतांबरा हॉस्पिटल की संचालिका और जानी-मानी समाजसेविका डॉ. सीता यादव ने रविवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ लखनऊ पहुंचकर अखिलेश यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में उस समय खासा उत्साह और हलचल देखने को मिली, जब डॉ. यादव अपने समर्थकों के बड़े काफिले के साथ पहुंचीं। उनके स्वागत में पार्टी कार्यकर्ताओं की भी भारी भीड़ जुटी रही। कार्यक्रम के दौरान न केवल संख्या बल बल्कि अनुशासन और उत्साह ने इसे एक तरह के शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

डॉ. सीता यादव का यह राजनीतिक कदम अचानक नहीं माना जा रहा, बल्कि इसके पीछे उनकी वर्षों की सामाजिक सक्रियता और जनसंपर्क की मजबूत पृष्ठभूमि रही है। वह लंबे समय से क्षेत्र में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करती रही हैं। उनके अस्पताल के माध्यम से भी उन्होंने सैकड़ों मरीजों को राहत पहुंचाई है। यही कारण है कि क्षेत्र में उनकी पहचान एक संवेदनशील और सक्रिय समाजसेविका के रूप में बनी हुई है।

कार्यक्रम की एक खास बात यह भी रही कि डॉ. यादव के साथ बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं का जोश और भागीदारी इस बात का संकेत दे रही थी कि डॉ. यादव की पकड़ केवल एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न तबकों में उनकी अच्छी पहुंच है। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने डॉ. सीता यादव का स्वागत करते हुए कहा कि समाजसेवा से जुड़े लोग जब राजनीति में आते हैं तो संगठन को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. यादव अपने अनुभव और जनसमर्थन के बल पर पार्टी को मजबूत करेंगी और जनता की आवाज को बुलंद करेंगी।



# 25 वर्षों की सेवा को मिला सम्मान बैंड-बाजे के साथ दी गई विदाई

» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। अकबरपुर के पीएम श्री बांढापुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री फूलन देवी की सेवानिवृत्ति पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह के साथ-साथ भावुकता का माहौल भी देखने को मिला।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाएं, आशा बहुएं, एएनएम, अभिभावक और ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में कंचन यादव, सुमन यादव, सुरेखा यादव, दिव्या सक्सेना, दिनेश चंद्र पाठक, उमा देवी, राजाबेटी, सविता द्विवेदी, छुन्नी देवी, सुनीता देवी और लक्ष्मी देवी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, जिला अस्पताल रेफर

कानपुर देहात। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के इटावा रोड पर माचा गांव के सामने एक नीलगाय से टक्कर होने पर बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

विरमा गांव निवासी महेन्द्र और अवधेश कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर भोगनीपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान माचा गांव के पास अचानक सामने आई नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी पुखरायां पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. अनूप सचान ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता बरती जाए

कानपुर देहात। एसपी कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने थाना भोगनीपुर क्षेत्र की पुलिस चौकी अमरौधा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों से सीधा संवाद कर उनके दैनिक कार्यों, चुनौतियों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की।एसपी ने चौकी की आधारभूत सुविधाओं, अभिलेखों के संधारण, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण तथा आमजन के साथ पुलिस के व्यवहार का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कहाकि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया ।

# कानपुर में 98 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह संपन्न श्रमिक परिवारों को मिला सामाजिक व आर्थिक संबल

» बीपीएस न्यूज़



कानपुर। श्रम विभाग कानपुर द्वारा गुरुवार को राजकीय आईटीआई ग्राउंड, पांडु नगर में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ की कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 98 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 96 हिंदू एवं 2 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। इस आयोजन में कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, फर्रुखाबाद तथा कन्नौज जनपदों के वर-वधुओं ने सहभागिता की।

सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए थे। बोर्ड की योजना के अनुसार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु प्रति लाभार्थी 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाएगी। वहीं, सामूहिक विवाह आयोजन व्यय के लिए प्रति जोड़े 15 हजार रुपये की धनराशि आयोजनकर्ता को उपलब्ध कराई जाती है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कानपुर नगर रमेश अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक नीलिमा कटियार, मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर अभिनव जे. जैन तथा अपर श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश जुनैद अहमद सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

समारोह में वर एवं वधू पक्ष से अधिकतम पांच-पांच परिजनों एवं मित्रों को आमंत्रित करने की व्यवस्था की गई थी। हिंदू रीति-रिवाज से विवाह संस्कार पुरोहितों द्वारा संपन्न कराए गए, जबकि मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलवी द्वारा कराया गया। विवाहोपरांत प्रत्येक जोड़े को उपहार एवं पांच-पांच किलो मिष्ठान भेंट किया गया।

साथ ही सभी अतिथियों के लिए भोजन एवं जलपान की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।करीब दो हजार लोगों की संभावित उपस्थिति को देखते हुए आयोजन स्थल पर एंबुलेंस, मेडिकल टीम, शुद्ध पेयजल एवं अस्थायी शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अपर श्रम आयुक्त कानपुर क्षेत्र प्रदीप कुमार सिंह, सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल, नम्रता सिंह, कुलदीप सिंह, रीमा सिंह, कीर्ति कुरील, नवनीत श्रीवास्तव सहित विभिन्न जनपदों के श्रम प्रवर्तन अधिकारियों एवं श्रम विभाग के कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पुलिस सभागार में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर की गई समीक्षा बैठक

» बीपीएस न्यूज़



कानपुर। जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट के संदर्भ में डीजी सर्कुलर संख्या 42/25 के अनुपालनार्थ पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार की उपस्थिति मे बैठक की गई।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा ÷जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट (ँस्न्रष्ठ)÷ के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) पर प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना की गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित की जाए, जिससे दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की पहचान कर भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति को रोका जा सके।सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीसी टीम प्रभारी महाराजपुर फैजान खान को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# डीएम ने उपायुक्त उद्योग कार्यालय का किया औचक निरीक्षण 6 कार्मिक मिले अनुपस्थित, कटा एक दिन का वेतन

**डीएम बोले– सभी राजपत्रित अधिकारी भी उपस्थिति पंजिका पर करें हस्ताक्षर**

» बीपीएस न्यूज़



कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को फजलगंज स्थित उपायुक्त उद्योग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छह कार्मिक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचना सुनिश्चित करें तथा कार्यालयीय अनुशासन का पालन करें।

जिलाधिकारी सुबह लगभग 10ः25 बजे उपायुक्त उद्योग कार्यालय पहुंचे। निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। दूरभाष पर हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि वह एक जांच के सिलसिले में पनकी स्थित बैंक ऑफ इंडिया कार्यालय जा रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण में रश्मि, अविजित सिंह, राजकुमार, वी. अरुण, धर्मेंद्र कुमार शुक्ला और मिथिलेश कुमार अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में सहायक आयुक्त, उद्योग रियाजुद्दीन के हस्ताक्षर नहीं पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने उनसे पूछा कि क्या वह उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं। सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि उपस्थिति पंजिका में उनका नाम अंकित नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि सभी राजपत्रित अधिकारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करें, जिससे उनकी उपस्थिति की प्रमाणिकता बनी रहे।

जिलाधिकारी ने मूवमेंट रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जांच में पाया गया कि 7 अप्रैल 2026 के बाद से उसमें कोई प्रविष्टि नहीं की गई थी। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय अभिलेखों का नियमित और अद्यतन रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

# थाना सचेंडी में आवासीय एवं अनावासीय भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ संपन्न



कानपुर। थाना सचेंडी में प्रस्तावित आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन कर किया गया।

उक्त निर्माण परियोजना पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। थाना परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशासनिक भवन, कार्यालय कक्ष, पुलिस कर्मियों हेतु आवासीय भवन, पार्किंग व्यवस्था, हरित क्षेत्र एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। तैयार किए गए ले-आउट प्लान के अनुसार परिसर को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा।इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) संकल्प शर्मा, पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर अनुभव सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस परियोजना पूर्ण होने के उपरांत थाना सचेंडी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं जनहितकारी स्वरूप प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

# चोरों ने नकदी सहित लाखों के जेवरों पर किया हाथ साफ




कानपुर। रात के अंधेरे में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए तिजोरी तोडकर उसमें रखी नकदी और जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना बिठूर क्षेत्र के बैरी गांव में शनिवार की बीती रात एक घर को चोरो द्वारा निशाना बनाया गया।

जिस समय चोरो ने हाथ साफ किया उस समय घर के सभी लोग मकान के बाहरी हिस्से में सो रहे थे। सुबह तिजोरी का ताला टूटा हुआ देख सभी सन्न रह गये।तत्काल घटना की जानकारी 112 नं0 पर दी गयी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। परिजनों ने बताया कि रात में सभी खाना खाने के बाद बाहर बने कमरे में सोने चले गये थे और सुबह उन्हे चोरी की घटना की जानकारी हुई। जब पीछे के कमरे में गये तो ताला टूटा पाया। बताया गया कि चोरों ने नकदी सहित लाखों के जेवरो पर हांथ साफ कर दिया है।













बीपीएस न्यूज़ (साप्ताहिक समाचार पत्र)

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।